page 1_Layout 1 06-10-2026 21:24 Page 1

अनमोल वचन

'जो दूसरों के हित में काम करता है, वही सच्चा भक्त है।'

डेली

आवाज भारती


बुलंद भारत की बुलंद आवाज़



» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » बुधवार, 7 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :165 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती




कोविड अजय गंगराड़े ने विश्व मंच पर बढ़ाया भारत का मान

शंघाई में WORLDSKILLS प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल, इस श्रेणी में भारत का पहला पदक

मध्य प्रदेश के खंडवा से जुड़े और NIFT मुंबई के छात्र कोविड अजय गंगराड़ेने शंघाई में आयोजित WORLDSKILLS 2026 प्रतियोगिता में DIGITAL INTERACTIVE MEDIA DESIGNमें सिल्वर मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया। यह इस श्रेणी में भारत का पहला पदक बताया गया है। कोविड ने करीब एक साल की कड़ी तैयारी के बाद यह उपलब्धि हासिल की।

सेंसेक्स 685 अंक चढ़ा, निफ्टी में करीब 1 प्रतिशत की बढ़त




मुंबई,। पिछले सप्ताह चारों सत्रों में भारी गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार में पिछले दो सत्रों से लगातार जोरदार खरीदारी देखने को मिल रही है। इस बीच आरबीआई एमपीसी की बैठक के नतीजों से पहले मंगलवार को लगातार दूसरे दिन घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क्स, बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी 50, में अच्छी बढ़त दर्ज की गई और इनमें करीब 1 प्रतिशत की तेजी आई। बाजार बंद होने के समय, सेंसेक्स 685.34 अंक यानी 0.95 प्रतिशत बढ़कर 73,067.81 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी50 220.35 अंक यानी 0.98 प्रतिशत बढ़कर 22,776.10 पर पहुंच गया।

देवघर में एसबीआई का एटीएम गैस कटर से काट उखाड़ ले गए चोर



देवघर । झारखंड के देवघर शहर में चोरों ने नंदन पहाड़ मोहल्ले में भारतीय स्टेट बैंक के एक एटीएम को ही उखाड़ लिया और कार में लादकर फरार हो गए। अपराधियों ने पहले गैस कटर की मदद से एटीएम को काटकर अलग किया और फिर करीब 500 मीटर तक उसे घसीटते हुए सुनसान जगह पर ले गए। इसके बाद पहले से खड़ी कार में एटीएम लादकर वहां से निकल गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

नाइजीरिया में मिलिट्री एयरक्राफ्ट क्रैश



डेली आवाज भारती

नाइजीरिया। वायु सेना के एक विमान हादसे में 32 लोगों की मौत हो गई. इस दर्दनाक हादसे के बाद राष्ट्रपति बोला टिनुबू ने तीन दिन के राष्ट्रीय शोक का ऐलान किया है. ये हादसा नाइजीरिया में हाल के सालों की सबसे बड़ी हवाई दुर्घटनाओं में से एक है. दुर्घटना में एयर स्टाफ के प्रमुख एयर मार्शल संडे केल्विन अनेके समेत 32 लोग मारे गए हैं. ये यात्री विमान दक्षिणी नाइजीरिया के बेनिन शहर से आर्थिक केंद्र लागोस के लिए एक रूटीन मिशन पर निकला था. सोमवार सुबह 9 बजे (0800 GMT) के आसपास दक्षिण-पश्चिमी ओंडो राज्य के इग्बोकोडा में यह हादसे का शिकार हो गया. ये जानकारी राष्ट्रपति और वायु सेना ने दी है. एएफपी के मुताबिक, राष्ट्रपति टिनुबू ने कहा कि उन्होंने नाइजीरियाई वायु सेना को निर्देश दिया है कि वे दुर्घटना के कारणों की तुरंत गहन जांच शुरू करें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके.टिनुबू के कार्यालय ने एक बयान जारी कर रहा कि इस दुर्घटना में 25 यात्री और 7 क्रू सदस्य मारे गए हैं, उनके परिवारों के प्रति राष्ट्रपति ने गहरी संवेदना व्यक्त की है. यह सेनाओं के साथ ही पूरे देश के लिए एक दुखद क्षण है।



25 यात्री और 7 क्रू मेंबर समेत 32 लोगों की मौत

राष्ट्रपति ने दुर्घटना में मारे गए वायु सेना के कर्मियों के लिए तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की

इसके साथ ही राष्ट्रपति ने दुर्घटना में मारे गए वायु सेना के कर्मियों के लिए तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है. इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों के सम्मान में पूरे देश में झंडे आधे झुकाए जाने का भी निर्देश दिया. ये-अक्र-42 विमान एक नौसैनिक अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ.यह एक ट्विन-इंजन टर्बोप्रॉप विमान है, इसमें एक साथ 30 से 50 यात्रियों के बैठने की क्षमता होती है. सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक नदी के पास लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है, वहीं बचावकर्मी नाव से इलाके में तलाशी लेते दिख रहे थे.

पंजाब सीएम के चंडीगढ़ कैंप ऑफिस में सीबीआई रेड

मोहाली और संगरूर भी पहुंची टीमें



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के चंडीगढ़ स्थित कैंप ऑफिस में मंगलवार शाम छापा मारा। CBI की टीमें मोहाली, गुरदासपुर, लुधियाना, पटियाला, संगरूर और जालंधर भी पहुंचीं। यह कार्रवाई पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के बाद की गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने सीएम आफिस में ट्रांसफर-पोस्टिंग और करप्शन के आरोप लगाए थे। ED ने सीएम के OSD राजबीर सिंह घुम्मन को मुख्य आरोपी बनाया था पर पुलिस ने उनके खिलाफ FIR नहीं दर्ज की। मामला हाईकोर्ट पहुंचा और 5 अक्टूबर को हाईकोर्ट ने OSD के खिलाफ FIR दर्ज करने और CBI जांच का आदेश दिया। पंजाब सरकार इस मामले की अर्जेंट सुनवाई के लिए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंची, लेकिन यह मांग खारिज कर दी गई।

ईडी ने डीजीपी को तीन चिट्ठियां भेजी

जुलाई-अगस्त 2026 में ED ने पंजाब DGP गौरव यादव को 3 चिट्ठियां भेजकर CM ऑफिस से जुड़े कथित भ्रष्टाचार पर FIR की मांग की। जिसमें ट्रांसफर-पोस्टिंग, नीतिगत फैसलों, टेंडर, CLU और अन्य सरकारी मंजूरियों में कथित दखल के आरोप लगे।

स. सुखबीर सिंह बादल ने पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र के लिए फीडबैक लेने के लिए शिरोमणी अकाली दल की 'डोर-टू-डोर' पंजाब बचाओ यात्रा की शुरूआत की

दावा किया कि चुनावी घोषणा पत्र को कानूनी दस्तावेज बनाने के लिए प्रतिबद्ध

डेली आवाज भारती

गिददड़बाहा/चंडीगढ़, : शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने घर-घर पंजाब बचाओ अभियान की शुरूआत करते हुए आज दोदा गांव के विभिन्न घरों में जाकर पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र के लिए सुझाव आमंत्रित किए, और आश्वासन दिया कि यह घोषणापत्र जनता की आवाज को प्रतिबिंबित करेगा।

लोगों ने अकाली दल अध्यक्ष से कहा कि वे ड्रग्ज के खतरे को समाप्त करना चाहते हैं, जिससे परिवार तबाह हो रहे हैं। उन्होने नौजवानों को रोजगार प्रदान करने की जरूरत पर जोर दिया और सभी सामाजिक लाभों को फिर से शुरू करने की मांग की , जिन्हें पिछली कांग्रेस और मौजूदा आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा यां तो कम कर दिया गया यां पूरी तरह बंद कर दिया गया। सरदार सुखबीर बादल ने लोगों को बताया कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उनसे मिलने आएंगें और पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र के सुझावों पर उनकी प्रतिक्रिया लेंगें। उन्होने कहा,'' हम एक 'जनता' घोषणा पत्र बनाना चाहते हैं, जिसे एक कानूनी दस्तावेज का दर्जा दिया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी पार्टियां अपने घोषणापत्रों का पालन करें यां उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। सरदार बादल ने आज जिन लोगों के घरों का दौरा किया उनसे प्रत्यक्ष प्रतिक्रिया ली। अमनदीप कौर ने कहा ,'' आपने पहले भी बहुत कुछ किया है।

अब भी आपके पास राज्य के लिए एक ठोस योजना है। लेकिन हम आपसे पंजाब से ड्रग को खत्म करने पर ध्यान देने का अनुरोध करते हैं।'' एक अन्य घर में गिंदर कौर ने कहा,'' राज्य तभी आगे बे`गा जब 'चिटटा' का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। '' घर-घर महिलाओं ने बताया कि कैसे नौजवान 'चिटटा' का इंजेक्शन लगाने के बाद से क किनारे मर रहे हें, लेकिन इस खतरे को खत्म करने के लिए कुछ भी नही किया जा रहा।



एसजीपीसी किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे सिख संगत की

- सवाल अपने पदों का दुरुपयोग करने वालों पर उठाए जा रहे हैं, न कि संस्था के खिलाफः

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने मंगलवार को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एसजीपीसी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी से श्री आनंदपुर साहिब में एसजीपीसी सराय में बहरीन की महिला के रहने को लेकर हुए विवाद पर उनके रिएक्शन पर सवाल किया। उन्होंने साफ किया कि कोई भी एसजीपीसी संस्था पर हमला नहीं कर रहा है, बल्कि सवाल उन लोगों पर उठ रहे हैं जो इसे चलाने के लिए जिम्मेदार हैं और जिन्होंने शायद अपने पदों का गलत इस्तेमाल किया हो सकता है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, आप पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने स्पष्ट तौर पर कहा, ÷एसजीपीसी संस्था पर कोई हमला नहीं है। यह सिर्फ इसे चलाने वालों से सवाल पूछने के बारे में है। जिन लोगों पर संस्था चलाने की जिम्मेदारी है, उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान होने वाली घटनाओं के लिए भी जवाबदेह होना होगा। आप पंजाब के मीडिया इंचार्ज ने इस बात पर जोर दिया कि एसजीपीसी किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे सिख समुदाय की है, जिन्होंने इस संस्था को बनाने और चलाने के लिए कुर्बानी दी है। उन्होंने कहा, ÷यह संस्था हरजिंदर सिंह धामी की नहीं है। यह पूरी सिख कम्युनिटी की है।÷ उन्होंने आगे कहा कि ज़िम्मेदार पदों पर बैठे लोगों से सवाल पूछना संस्था को नुकसान पहुँचाना नहीं, बल्कि इसकी रक्षा करने के लिए जरूरी है। उन्होंने सवाल किया कि हरजिंदर सिंह धामी ने यह साफ़ क्यों नहीं किया कि जब महिला अमृतसर सराय आई थी, तो उसके लिए कमरा बुक करने की सलाह किसने दी थी? उन्होंने पूछा, ÷अगर एसजीपीसी के पास श्री आनंदपुर साहिब और अमृतसर में उन कमरों का रिकॉर्ड है जिनमें वह रुकी थी, तो उस रिकॉर्ड से यह भी साफ़ होना चाहिए कि वे कमरे किसने और किसकी सलाह पर बुक किए थे।



हैंड ग्रेनेड समेत आईएसआई से जुड़े 2 युवक गिरफ्तार

पंजाब पुलिस ने बड़ी आतंकी साजिश को किया नाकाम!

- आरोपियों कृष्ण सिंह और प्रिंसपाल सिंह के कब्जे से 4 ग्रेनेड बरामद किए
- ग्रेनेड ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से भेजे गए, खालरा थाने में केस दर्ज

डेली आवाज भारती

तरनतारन। पंजाब पुलिस ने त्योहारों से पहले बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस ने तरनतारन से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ढ्डस्ढ्ढ से जुड़े 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। खालरा थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों कृष्ण सिंह और प्रिंसपाल सिंह के कब्जे से 4 ग्रेनेड बरामद किए हैं और पूछताछ शुरू कर दी है। ये ग्रेनेड ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से भेजे गए थे।



त्योहारों पर हिंसा कराने की थी तैयारी

मामले की जानकारी देते हुए ष्ठड्ड स्टाफ इंस्पेक्टर रूपिंदरपाल सिंह ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर सोमवार देर रात यह कार्रवाई की गई। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि ढ्डस्ढ्ढ त्योहारों के दौरान पंजाब में हिंसक गतिविधियां कराना चाहती थी। पुलिस अब इनके अन्य साथियों और किसी आतंकी संगठन से इनके कनेक्शन की जांच कर रही है।

जालंधर के बार-होटलों पर एक्साइज टीम की रेड

बिना होलोग्राम शराब और अधूरे स्टॉक रजिस्टर मिले

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः जालंधर में अवैध शराब और आबकारी नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए एक्साइज विभाग ने सख्त रुख अपना लिया है। वेस्ट की असिस्टेंट कमिश्नर डॉ. हरसिमरत कौर ग्रेवाल की अगुवाई में विभाग की विशेष टीम ने शहर के विभिन्न होटलों और बार में रेड की। जांच के दौरान तीन नामी होटलो में भारी गड़बड़ियां और आबकारी नियमों का उल्लंघन पाया गया। संबंधित कर्मचारियों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। विभाग ने मामले की आगे की जांच और नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वडाला रोड स्थित RAZZMATAZZ AS FARMS में जब एक्साइज टीम ने जांच शुरू की, तो सबसे पहले उनका स्टॉक रजिस्टर अधूरा पाया गया। जांच के दौरान बिना होलोग्राम वाली शराब की बोतलें बरामद की गईं। शराब की बोतलों के ढक्कन भी टूटे मिले, जो संदिग्ध गतिविधि की ओर इशारा करते हैं। इसी कड़ी में टीम ने GREWAL HOSPITALITY MOCHA पर भी दबिश दी। यहां स्टॉक रजिस्टर की गहनता से जांच करने पर वैसी ही अनियमितताएं सामने आईं। इस जगह से भी बिना किसी आधिकारिक होलोग्राम वाली शराब की बोतलें बरामद हुईं और खाली बोतलों के ढक्कन टूटे हुए पाए गए।



स्टॉक में मिली दूसरे ग्रुप की शराब

कार्रवाई के दौरान एक्साइज विभाग की टीम MARITON HOTEL भी पहुंची। जांच में पाया गया कि होटल का स्टॉक रजिस्टर अधूरा रखा गया था। इतना ही नहीं, होटल के वास्तविक स्टॉक में दूसरे ग्रुप से संबंधित शराब रखी हुई मिली, जो आबकारी नियमों का सीधा उल्लंघन है।

पंजाबी सूफी सिंगर की गाड़ी का जालंधर-अमृतसर नेशनल हाईवे पर एक्सीडेंट, हादसे में बाल-बाल बचा परिवार

- सूची पिंड के पास एक ट्राले के साथ उनकी गाड़ी टकरा गई
- पंजाब के एक सूफी गायक परिवार से है सिंगर बूटा मोहम्मद

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः मशहूर पंजाबी सूफी सिंगर बूटा मोहम्मद की गाड़ी का जालंधर-अमृतसर हाईवे पर एक्सीडेंट हो गया। सूची पिंड के पास एक ट्राले के साथ उनकी गाड़ी टकरा गई, जिसमें दोनों गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं पर गनीमत रही कि इस हादसे में कार में बैठा सिंगर का परिवार बाल-बाल बच गया। इस दौरान हाईवे पर काफी हंगामा भी हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही रामामंडी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों की गाड़ियों को किनारे करवाकर ट्रैफिक को दोबारा शुरू करवाया।ढ्डस्ढ्ढ सुरजीत सिंह ने कहा कि दोनों गाड़ियों को कब्जे में लेकर जांच शुरू की गई है।



पंजाब के बड़े गायकों में शुमार हैं बूटा मोहम्मद

पंजाब के बड़े गायकों में शुमार बूटा मोहम्मद का नाम खास तौर पर लिया जाता है। उनका संबंध पंजाब के एक सूफी गायक परिवार से है। उनके पिता स्वर्गीय सरदार मोहम्मद एक जाने-माने गायक और संगीतकार थे। बूटा मोहम्मद ने संगीत की शुरुआती शिक्षा अपने पिता और चाचा से हासिल की। उनका पहला गाना साल 1996 में आया था और अपनी अलग आवाज व अंदाज से श्रोताओं के बीच पहचान बनाई। बूटा मोहम्मद के कई गाने आज भी पंजाब के संगीत प्रेमियों के बीच लोकप्रिय हैं। उनके लोकप्रिय गानों में 'झंझरा' 'दिल्लगी' , 'बोटलां च पानी' और 'गाबरू दे मोड्या' शामिल हैं।

गैंगस्टर नेटवर्क पर लुधियाना पुलिस का बड़ा प्रहार

विदेश बैठे साथी के इशारे पर फिरौती के लिए फायरिंग की साजिश का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

- फिरोजपुर रोड की सुनसान जमीन से दबोचे गए आरोपी
- मुकदमा नंबर 300 में गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज

डेली आवाज भारती

लुधियाना/रवीश कपूरः लुधियाना पुलिस ने गैंगस्टरों और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ऑस्ट्रिया निर्मित ग्लॉक 9 एमएम पिस्तौल, 20 जिंदा 9 एमएम कारतूस तथा काले रंग की यामाहा एफजेड मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी कथित तौर पर विदेश में रह रहे अपने साथी हरमन संधू के इशारे पर कारोबारियों के घरों और कार्यालयों पर फायरिंग कर दहशत फैलाने तथा भारी फिरौती वसूलने की योजना में शामिल थे। कार्रवाई पुलिस कमिश्नर लुधियाना श्री स्वपन शर्मा, आईपीएस की निगरानी में की गई। अभियान में श्री हरपाल सिंह, पीपीएस, डिप्टी कमिश्नर पुलिस (इन्वेस्टिगेशन), लुधियाना; श्रीमती रुपिंदर भट्टी, पीपीएस, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर पुलिस (इन्वेस्टिगेशन), लुधियाना तथा श्री हर्षप्रीत सिंह, पीपीएस, सहायक कमिश्नर पुलिस (डिटेक्टिव-1), लुधियाना के नेतृत्व/मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। सीआईए स्टाफ लुधियाना के इंचार्ज इंस्पेक्टर अवतार सिंह की अगुवाई में पुलिस पार्टी ने यह कार्रवाई अंजाम दी। पुलिस के अनुसार, 3 अक्टूबर 2026 को सीआईए स्टाफ लुधियाना की पुलिस पार्टी थाना डिवीजन नंबर-8 क्षेत्र में नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि राजस्थान के गंगानगर क्षेत्र से जुड़े कुछ व्यक्ति अवैध हथियार अपने पास रखकर विदेश में रह रहे अपने साथी हरमन संधू के निर्देश पर कारोबारियों को निशाना बनाने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना के मुताबिक, आरोपियों द्वारा चंडीगढ़, मोहाली और अन्य शहरों में कारोबारियों के घरों पर गोलीबारी कर उन्हें जान से मारने का भय दिखाकर फिरौती वसूलने की साजिश रची जा रही थी। पुलिस के अनुसार इस उद्देश्य के लिए आरोपियों ने एक संगठित आपराधिक गिरोह बनाया हुआ था। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर नहरी विभाग की सुनसान जमीन, फिरोजपुर रोड, लुधियाना में कार्रवाई की।





CMYK

page 2_Layout 1 06-10-2026 17:22 Page 1

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिंगापुर कंपनियों के साथ राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस

सेमीकंडक्टर से ग्रीन एनर्जी तक निवेश पर विस्तृत चर्चा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सिंगापुर दौरे के तीसरे दिन मंगलवार को सिंगापुर बिजनेस फोरम के अंतर्गत आयोजित महत्वपूर्ण राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एक दर्जन से अधिक सिंगापुर कंपनियों के प्रतिनिधियों, सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन के पदाधिकारियों, उद्योग प्रतिनिधियों, निवेशकों और बिजनेस लीडर्स के साथ विभिन्न क्षेत्रों में निवेश संबंधी विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि हरियाणा का लक्ष्य सिंगापुर कंपनियों के सहयोग से सेमीकंडक्टर, ग्रीन एनर्जी, वेयरहाउसिंग और आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में निवेश को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के अलावा पंचकूला, करनाल, हिसार, सोनीपत और रोहतक जैसे शहरों को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (GCC) तथा टेक्नोलॉजी-लेड बिजनेसेज के अगले ग्रोथ सेंटर्स के रूप में विकसित करना हमारा उद्देश्य है। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए राज्य सरकार ने Data Centre Polic4-2026 भी तैयार की है। मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में हरियाणा के पास विशेष एडवांटेज है। राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगापुर और हरियाणा भले ही भौगोलिक रूप से अलग हों, लेकिन दोनों की सोच और प्राथमिकताएं एक-दूसरे के बहुत करीब हैं। सिंगापुर इनोवेशन, एफिशिएंसी और ग्लोबल कनेक्टिविटी का केंद्र है, जबकि हरियाणा एंटरप्राइज, मैन्युफैक्चरिंग और मार्केट एक्सेस की शक्ति रखता है। इन दोनों क्षमताओं का मेल आर्थिक साझेदारी को नई ऊंचाई दे सकता है।

उन्होंने याद दिलाया कि सिंगापुर की कंपनियों ने भारत में टेक्नोलॉजी, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और फाइनेंशियल सर्विसेज में अपनी विशेष पहचान बनाई है। अब उद्देश्य इस मजबूत रिश्ते को हरियाणा और उत्तर भारत में नई निवेश संभावनाओं, टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप और साझा विकास के साथ आगे बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे केवल हरियाणा की ताकत बताने नहीं आए हैं, बल्कि उस भविष्य का भागीदार बनाने आए हैं, जिसमें हरियाणा उत्तर भारत के सबसे भरोसेमंद, आधुनिक और तेजी से आगे बढ़ते बिजनेस डेस्टिनेशन में शामिल होगा। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स और आईटी-एनेबल्ड सर्विसेज को बड़े अवसरों वाले क्षेत्र बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम आज देश के प्रमुख कॉरपोरेट और टेक्नोलॉजी हब्स में से एक है। यहां अनेक ग्लोबल कंपनियां, मल्टीनेशनल कॉरपोरेशंस और जीसीसी सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। हमारी सोच केवल गुरुग्राम तक सीमित नहीं है।


नयागांव में 14 साल की नाबालिग का अपहरण!

चंडीगढ़ बैरियर पर भीड़ में फंसने और शोर मचाने पर छोड़कर भागे









डेली आवाज भारती

नयागांव, (हरतेज सिंह तेज़ी): दशमेश नगर में रामलीला ग्राउंड के पास सोमवार को 14 वर्षीय नाबालिग को अगवा करने के प्रयास का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही इलाके में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

नाबालिग मूल रूप से गढ़वाल की रहने वाली है और कई वर्षों से परिवार के साथ नयागांव में रह रही है। पीड़ित के अनुसार, स्कूल की छुट्टी के बाद वह दशहरा का होमवर्क करवाने के लिए दुकान से रजिस्टर लेकर घर लौट रही थी। इसी दौरान काले रंग की एक गाड़ी उसके पास आकर रुकी, जिसमें करीब पांच लोग थे। आरोप है कि चार लोगों ने चेहरे ढके हुए थे, जबकि एक का चेहरा खुला था। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों के पास चाकू थे और जबरन गाड़ी में बैठाकर चंडीगढ़ बैरियर की ओर ले गए। कथित तौर पर एक लाख रुपये की मांग करते हुए धमकी भी दी गई। चंडीगढ़ बैरियर पर ट्रैफिक जाम के दौरान पीड़ित ने शोर मचाया और गाड़ी का दरवाजा खुलने पर बाहर निकलने में सफल रही। वहीं, रामविलास नामक रेहड़ी चालक के अनुसार, घटना के समय एक अन्य लड़की भी वहां मौजूद थी। आरोप है कि उसे धक्का देकर नाबालिग को गाड़ी में बैठाया गया और दूसरी लड़की ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजनों ने बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। घटना के बारे में एस.एच.ओ. शिवदीप बराड़ ने बताया कि इलाके में लगे सी.सी.टी.वी. फुटेज खंगाले जा रहे हैं और मामले की जांच जारी है।

मंडियों में फसल पहुंचने के बाद भी किसान को समय पर एम एसपी क्यों नहीं मिल रहा : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की सदस्य कुमारी सैलजा ने हरियाणा की मंडियों में धान खरीद की धीमी गति पर चिंता जताते हुए सरकार से खरीद और उठान की व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करने की मांग की है। कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा की अनेक मंडियों का दौरा करने के बाद उन्होंने स्वयं पाया कि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है और खरीद व उठान की व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश की मंडियों में करीब 7.07 लाख टन धान की आवक हो चुकी है, जबकि खरीद करीब 1.38 लाख टन बताई गई है। यदि ये आंकड़े सही हैं तो इतनी बड़ी मात्रा में धान का मंडियों में पड़ा रहना गंभीर चिंता का विषय है। सांसद ने कहा कि खरीद में देरी और किसानों को एम एसपी से नीचे फसल बेचने की मजबूरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। सरकार ने खरीद सीजन से पहले पर्याप्त व्यवस्था और समय पर खरीद के दावे किए थे, लेकिन जमीनी स्थिति इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। कुमारी सैलजा ने कहा कि बारिश की आशंका को देखते हुए खुले में पड़े धान की सुरक्षा के लिए पर्याप्त शेड, तिरपाल, बारदाना और परिवहन की व्यवस्था की जाए तथा खरीद और उठान तत्काल तेज किया जाए।

लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक लड़ेंगे : कुमारी सैलजा

दिल्ली में सांसदों के प्रदर्शन के बाद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं और विपक्ष की आवाज को कमजोर करने में जुटी है, लेकिन कांग्रेस लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपना आंदोलन जारी रखेगी। सांसद ने कहा कि 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान को देशव्यापी स्तर पर और मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा। वोट चोरी के आरोपों, मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े सवालों पर जवाबदेही की मांग जारी रहेगी।

परगट सिंह की अगुवाई में पंजाब कांग्रेस में नया जोश, कार्यकर्ताओं के हौसले होंगे बुलंद : एडवोकेट अमनदीप दीपु जैतीपुर

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): परगट सिंह के पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष बनने से पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, उत्साह और जोश का संचार होगा। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ एवं प्रमुख नेता एडवोकेट अमनदीप दीपु जैतीपुर ने कही। उन्होंने कहा कि परगट सिंह की अगुवाई में पंजाब कांग्रेस को नई दिशा और नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। एडवोकेट जैतीपुर ने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसके मेहनती कार्यकर्ताओं, समर्पित नेताओं और जनता के साथ मजबूत जुड़ाव में है। नए प्रदेश नेतृत्व के आने से जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का विश्वास मजबूत होगा और पार्टी नेता पहले से अधिक एकजुट होकर लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में कांग्रेस को लोकहित की नीतियों और मजबूत संगठन के साथ जनता की आवाज बनकर सामने आने की जरूरत है। उन्हें विश्वास है कि नई अगुवाई में पार्टी के भीतर आपसी तालमेल बढ़ेगा, कार्यकर्ताओं को उचित मान-सम्मान मिलेगा और पंजाब के लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष को और मजबूती मिलेगी। एडवोकेट अमनदीप दीपु जैतीपुर ने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से पार्टी की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत से काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि एकजुटता, संघर्ष और जनता के विश्वास के बल पर ही कांग्रेस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

हरियाणा के हर परिवार को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा : आरती सिंह राव

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने प्रदेश के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के संकल्प को दोहराते हुए चिरायु आयुष्मान भारत योजना के व्यापक विस्तार की घोषणा की है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार की इस बड़ी पहल के तहत अब 1.80 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले परिवार भी नाममात्र का वार्षिक प्रीमियम देकर इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठा सकेंगे। योजना के अंतर्गत पात्रता परिवार पहचान-पत्र में दर्ज सत्यापित वार्षिक आय के आधार पर तय की जाएगी और पात्र परिवारों को प्रदेश के सूचीबद्ध अस्पतालों में प्रति वर्ष 5 लाख तक का निःशुल्क एवं कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाएगा।

आरती सिंह राव ने बताया कि योजना को पारदर्शी और सुलभ बनाने के लिए आय स्लैब के अनुसार प्रीमियम दरें निर्धारित की गई हैं। इसके तहत ` 1.80 लाख से 3.00 लाख वार्षिक आय वाले परिवारों के लिए ` 1,500 प्रति वर्ष, 3.00 लाख से ` 6.00 लाख आय वर्ग के लिए ` 4,000 प्रति वर्ष तथा 6.00 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले परिवारों के लिए ` 5,000 प्रति वर्ष का प्रीमियम तय किया गया है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण एवं भुगतान गेटवे पोर्टल 30 नवंबर, 2026 तक खुला रहेगा, जबकि नई पॉलिसी की अवधि 1 नवंबर, 2026 से 31 अक्टूबर, 2027 तक प्रभावी रहेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर प्रकाश डालते हुए आरती सिंह राव ने साझा किया कि आयुष्मान भारत हरियाणा स्वास्थ्य सुरक्षा प्राधिकरण (AB-HHPA) के माध्यम से प्रदेश भर के 1,307 सूचीबद्ध अस्पतालों में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और चिरायु योजना के तहत अब तक 40,27,391 लाभार्थियों को सफलतापूर्वक इलाज मुहैया कराया जा चुका है। इसके अलावा, 1.8 लाख से 3 लाख आय वर्ग में अब तक 47,547 परिवारों को योजना का सीधा लाभ मिल चुका है। सरकार द्वारा अब तक कुल 4,617.45 करोड़ रुपये के क्लेम का सफलतापूर्वक निपटारा किया जा चुका है।

गांव-गांव संगठन की कमान संभाले परिथीपाल सिंह, 'वारिस पंजाब दे' की गतिविधियों में आई तेजी

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' के कार्यकारिणी सदस्य एवं हलका बटाला प्रभारी परिथीपाल सिंह बटाला द्वारा पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए लगातार गांवों में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। परिथीपाल सिंह अपनी टीम के साथ गांव-गांव पहुंचकर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने के साथ-साथ पार्टी के मुख्य एजेंडे को लोगों तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं। इसी अभियान के तहत विभिन्न गांवों में स्थानीय कमेटियों के गठन को प्राथमिकता दी जा रही है। गांव अठवाल में 35 सदस्यीय कमेटी के गठन के अलावा डल्ला मौड़, चौधरपुर सहित अन्य गांवों में भी संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाया गया है। परिथीपाल सिंह की लगातार जमीनी सक्रियता से कार्यकर्ताओं में भी उत्साह और सक्रियता देखने को मिल रही है। परिथीपाल सिंह का मुख्य फोकस प्रत्येक गांव में जिम्मेदार टीम तैयार करने तथा आम लोगों के साथ सीधा संपर्क मजबूत करने पर है। उनके द्वारा पार्टी की विचारधारा और पंजाब से जुड़े मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ लगातार विचार-विमर्श किया जा रहा है। हलका बटाला में चल रही यह गांव-स्तरीय संगठनात्मक मुहिम आने वाले दिनों में और तेज होने के संकेत दे रही है।

अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' पार्टी ही पंजाब को पटरी पर लाएगी : अगवान

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' की कार्यकारिणी समिति के सदस्य एवं विधानसभा क्षेत्र बटाला के प्रभारी पृथीपाल सिंह बटाला तथा विधानसभा क्षेत्र बटाला के वरिष्ठ नेताओं ने भाई सुखविंदर सिंह अगवान, संसदीय बोर्ड के सदस्य एवं पार्टी की समन्वय समिति के संयोजक से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इस दौरान पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें सौंपी गई बड़ी जिम्मेदारियों के लिए उनका स्वागत किया गया।

प्रेस को जारी बयान में नेताओं ने कहा कि बैठक के दौरान जिला गुरदासपुर में पार्टी की राजनीतिक गतिविधियों तथा संगठन को मजबूत करने के लिए चल रहे प्रयासों एवं कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिला गुरदासपुर में पार्टी के दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे जनाधार पर संतोष व्यक्त किया गया। जिले में युवाओं और महिलाओं के अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' के साथ जुड़ने के बढ़ते रुझान को पंजाब के लिए शुभ संकेत बताया गया।

भाई अगवान ने जिले में पार्टी को और मजबूत करने के लिए गांव एवं मोहल्ला स्तर पर समितियां गठित करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में युवाओं और महिलाओं को पार्टी के साथ जोड़ने की अपील की। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र बटाला के गांवों और मोहल्लों में गठित की जा रही समितियों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे जिले और पंजाब में पार्टी का संगठन और मजबूत हो रहा है। भाई अगवान ने कहा कि पार्टी पंजाब में ईमानदार, योग्य और सूझवान उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारेगी, जो भाई अमृतपाल सिंह खालसा की विचारधारा पर खरे उतरते हों। उन्होंने कहा कि भाई अमृतपाल सिंह ही पंजाब को अपने पैरों पर खड़ा कर सकते हैं। पृथीपाल सिंह बटाला ने कहा कि भाई सुखविंदर सिंह अगवान को बड़ी जिम्मेदारियां देकर पार्टी ने जिला गुरदासपुर को बड़ा सम्मान दिया है।

भाई अगवान महान शहीद सरदार सतवंत सिंह जी के वारिस हैं और जिला गुरदासपुर में उनका बहुत मान-सम्मान है। उनके साथ जुड़ने से जिला गुरदासपुर में अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' पार्टी और मजबूत हुई है तथा सिखों और पंजाब में पार्टी का आधार भी और मजबूत हुआ है। इस मौके पर कैप्टन हरपाल सिंह चौधरपुर, सतिंदरपाल सिंह कंग गादड़ियां, अवतार सिंह जफरवाल, दिलबाग सिंह कोहाली, दलबीर सिंह फतेह नंगल, हरमीत सिंह युवा नेता, गुरदीपक सिंह युवा नेता आदि मौजूद थे। इस अवसर पर सभी नेताओं ने भाई सुखविंदर सिंह अगवान को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

गांव रिखिया में धान की पराली प्रबंधन को लेकर गांव स्तर पर जागरूकता कैंप



डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): गांव रिखिया में धान की पराली के उचित प्रबंधन को लेकर गांव स्तर पर जागरूकता कैंप लगाया गया। जागरूकता कैंप के दौरान सरकल इंचार्ज सरूपवाली एवं कृषि विस्तार अधिकारी कुलविंदर कौर ने किसानों को गांव में गठित की गई पराली प्रोटेक्शन टीम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पराली प्रबंधन के लिए उपलब्ध कृषि मशीनरी तथा मशीनरी पर मिलने वाली सरकारी सहायता के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने किसानों को पराली को आग लगाने से पर्यावरण और जमीन को होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया। इस दौरान किसानों से संकल्प लिया गया कि वे पराली को आग नहीं लगाएंगे, पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने में सहयोग करेंगे तथा गुरदासपुर जिले को जीरो बर्निंग की दिशा में आगे ले जाकर पंजाब सरकार की इस मुहिम में अपना योगदान देंगे। अंत में गांव के सरपंच दविंदर सिंह ने कैंप में पहुंचे किसानों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर गांव के प्रगतिशील किसान भी मौजूद रहे।

सोनीपत में कांग्रेस का ब्लॉक कार्यकर्ता सम्मेलन

संजय दत्त, राव नरेंद्र सिंह और दीपेंद्र हुड्डा ने किसानों, युवाओं और आम जनता के मुद्दों पर सरकार को घेरा

डेली आवाज भारती



सोनीपत। हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त के मार्गदर्शन तथा हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सोनीपत में कांग्रेस ब्लॉक कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना तथा जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस के संघर्ष को व्यापक बनाना रहा। हर बूथ तक सक्रिय भूमिका निभाएं कार्यकर्ता = संजय दत्त कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संजय दत्त ने कहा कि कांग्रेस का संगठन केवल पदाधिकारियों से नहीं, बल्कि मेहनत करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता से मजबूत होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव, वार्ड और बूथ स्तर तक जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया जा रहा है। आने वाले समय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह दिखाई देगा। संजय दत्त ने भाजपा सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि किसान, युवा, मजदूर और आम नागरिक परेशान हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मंडियों में किसान फसल लेकर पहुंच रहा है, लेकिन खरीद, उठान और भुगतान को लेकर उसे समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता किसानों की आवाज मजबूती से उठाएंगे और सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसान की फसल समय पर खरीदी जाए, उसका उठान हो तथा भुगतान में देरी न हो। उन्होंने बाजरे की खरीद को लेकर दक्षिण हरियाणा के किसानों की समस्याओं का भी उल्लेख किया। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस का संगठन मजबूत करने का अभियान केवल संगठनात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता के अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने का अभियान है।

हरविन्द्र कल्याण ने 'सदस्य परिचय 2024' पुस्तक का किया विमोचन, 90 विधायकों की विस्तृत जानकारी संकलित

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मंगलवार को विधान सभा सचिवालय की ओर से प्रकाशित पुस्तक 'सदस्य परिचय 2024' का विमोचन किया। पुस्तक में 15वीं हरियाणा विधान सभा के लिए निर्वाचित 90 विधायकों का विस्तृत परिचय संकलित किया गया है। पुस्तक में विधायकों की जन्म एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि, शैक्षणिक योग्यता, भाषा ज्ञान, वर्तमान व्यवसाय, सामाजिक कार्यों, खेल एवं अभिरुचियां, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और शासकीय निकायों में उनकी भूमिका, सम्मेलनों में भागीदारी, रुचि के विषय, खानपान तथा विधानसभा चुनाव के परिणामों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई है। विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने विधायकों को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की भूमिका केवल अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास तक सीमित नहीं है। उन्हें समाज को नागरिक कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना मजबूत करना भी लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक है।दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में गत माह आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) सम्मेलन के अनुभव साझा करते हुए हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि विधायी विषयों के क्षेत्र में भारत लगातार आदर्श स्थिति की ओर आगे बढ़ रहा है। देश की लोकतांत्रिक संस्थाएं मजबूत हैं और उनका मुख्य उद्देश्य जनकल्याण है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ भविष्य की चुनौतियों को समझने और उनसे निपटने के लिए प्रभावी उपाय तलाशना जरूरी है। इसके लिए नीति-निर्माताओं, जनप्रतिनिधियों और समाज को मिलकर काम करना होगा। विस अध्यक्ष ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अब प्राकृतिक खेती की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने की जरूरत है। इस क्षेत्र में अभी व्यापक स्तर पर कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में भी सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग और टिकाऊ विकास आने वाले समय की महत्वपूर्ण प्राथमिकताएं हैं। जनप्रतिनिधियों को इन विषयों के प्रति आमजन को जागरूक करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

CMYK

page 3_Layout 1 06-10-2026 19:57 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर » बुधवार, 7 अक्तूबर 2026

डी ज़ोन युवा मेले का पारंपरिक रंग-ढंग से आगाज़

युवा मेले विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारते और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं : प्रो. एच. एस. सैनी

डेली आवाज भारती







अमृतसर, के.एस. बेदी : गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में उप-कुलपति प्रो. करमजीत सिंह के नेतृत्व में दो दिवसीय डी ज़ोन युवा मेले की शुरुआत आज पारंपरिक रंग-ढंग से हुई। विभिन्न कलाओं और सांस्कृतिक विधाओं में विद्यार्थी कलाकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए इस मेले को यादगार बना दिया। युवा मेले का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं डीन अकादमिक मामले प्रो. एच. एस. सैनी द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. सैनी ने कहा कि युवा मेले विद्यार्थियों को अपनी आंतरिक प्रतिभा का प्रदर्शन करने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत और रचनात्मक कलाओं में सक्रिय भागीदारी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को संपूर्ण बनाती है। इससे पहले युवा कल्याण विभाग के प्रभारी डॉ. अमनदीप सिंह ने स्वागत संबोधन के दौरान युवा मेलों के महत्व पर बात करते हुए कहा कि ये मेले पारंपरिक कला रूपों को संरक्षित करने के साथ-साथ युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उद्घाटन समारोह में शिक्षकों के अलावा आयोजन टीम के अधिकारी डॉ. विक्रम संधू, डॉ. बलबीर सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह और डॉ. अमनप्रीत कौर भी उपस्थित थे। युवा मेले के पहले दिन विश्वविद्यालय के चार प्रमुख स्थलों पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। दशमेश ऑडिटोरियम में स्किट, कॉस्ट्यूम परेड, माइम, मिमिक्री और एकांकी नाटक सहित नाट्य प्रस्तुतियां हुईं। गोल्डन जुबली कन्वेंशन सेंटर में शास्त्रीय गायन, वाद्य संगीत, भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों की कला एवं बौद्धिक क्षमता को उजागर किया। इसी प्रकार संगत हॉल में मौके पर चित्रकारी, कार्टूनिंग, कोलाज, रंगोली और फुलकारी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जबकि कॉन्फ्रेंस हॉल क्षेत्रीय साहित्यिक प्रतियोगिताओं का केंद्र बना। युवा मेले के दूसरे दिन कोरियोग्राफी, पश्चिमी संगीत, गिद्धा, समूह शब्द-भजन, समूह गीत, कविशरी, गीत-ग़ज़ल, लोक गीत, मिट्टी के मॉडल बनाने, मौके पर फोटोग्राफी, मेहंदी, पोस्टर मेकिंग, पीढ़ी मेकिंग और क्विज सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं विश्वविद्यालय के चारों स्थलों पर आयोजित की जाएंगी।

धीरेंद्र शास्त्री के बयानों के खिलाफ पंजाब में ईसाई समुदाय का तीखा रोष, सड़कों पर उतरे लोग

- धार्मिक भावनाओं को आहत करने और भाईचारा बिगाड़ने का आरोप; डीजीपी से तुरंत एफआईआर की मांग : जॉन कटली

डेली आवाज भारती



अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) अमृतसर में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा कथित तौर पर ईसाई धर्म और उसकी धार्मिक मान्यताओं को लेकर की गई टिप्पणियों के विरोध में पंजाब में मसीही (ईसाई) समुदाय में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। विभिन्न संगठनों और समुदाय के प्रतिनिधियों ने सड़कों पर उतरकर धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर भाईचारे, इंसानियत और नफरत फैलाने वाली राजनीति के विरोध में नारे लिखे हुए थे। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे मसीही समुदाय के मुख्य प्रतिनिधि जॉन कोटली, अल्बर्ट दुआ ने मीडिया से बात करते हुए धीरेंद्र शास्त्री पर पंजाब के शांतिपूर्ण माहौल और आपसी सौहार्द को खराब करने की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पंजाब गुरुओं और पीरों की पवित्र धरती है, जहाँ सदियों से सिख, हिंदू, मुस्लिम और ईसाई भाईचारे और प्रेम के साथ एक साथ रहते आए हैं। लेकिन जब भी धीरेंद्र शास्त्री जैसे लोग प्रचार के नाम पर आते हैं, वे नफरत और विभाजन के बीज बोकर जाते हैं। प्रदर्शनकारी नेता ने कहा कि ईसाई धर्मग्रंथ और पवित्र वचनों में %हालेलुयाह% शब्द की अत्यधिक मान्यता और पवित्रता है। धीरेंद्र शास्त्री द्वारा मंचों से इस पवित्र शब्द को तोड़-मरोड़ कर पेश करना, इसका मज़ाक उड़ाना और आपत्तिजनक भाव-भंगिमाएं बनाना पूरे मसीही समाज की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुँचाने वाला कृत्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि धर्म प्रचार के नाम पर नौटंकी और मंच पर अशालीन आचरण करके धार्मिक भावनाओं को तार-तार किया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समुदाय ने पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि धार्मिक भावनाएं भड़काने और सामाजिक सौहार्द को चोट पहुँचाने के आरोप में धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ तत्काल प्रभाव से गैर-जमानती धाराओं के तहत प्राथमिकी (FIR) दर्ज की जाए।

लुधियाना में दर्दनाक हादसा : 14 साल की हैंडबॉल खिलाड़ी की ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे आने से मौत

लुधियाना। लुधियाना में सड़क हादसे में 14 साल की हैंडबॉल खिलाड़ी अंशिका की सड़क हादसे में मौत हो गई है। प्रैक्टिस के लिए जा रही अंशिका एक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली के टायरों के नीचे आ गई, जिस कारण उसकी मौत हो गई। अब इस घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर पीड़ित पक्ष के बयान दर्ज कर लिए हैं। अब दोनों पक्षों के बयानों और सीसीटीवी के आधार पर पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। हादसा सोमवार 4 बजे का है। फुटेज में देखा जा सकता है कि एक एक्टिवा पर 3 लोग जा रहे हैं, जिसमें अंशिका भी बैठी हुई है। सामने एक दूसरी एक्टिवा आ जाती है, उससे बचने के लिए एक्टिवा सवार ने ब्रेक लगा दी। ब्रेक लगाते ही एक्टिवा स्लिप कर गई और तीनों सड़क पर गिर गए।

पंजाब सीएम के कार्यालय से जुड़े निजी लोगों पर भ्रष्टाचार का आरोप, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सीबीआई को सौंपी जांच

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़ । पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को जांच सौंपने का फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने सीबीआई को दो महीने में जांच पूरी करने का भी निर्देश दिया है। यह मामला प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को लिखे गए पत्रों से जुड़ा है। इसको लेकर वकील निखिल सराफ ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की थी, जिस पर हाईकोर्ट ने सोमवार को अपना फैसला सुनाया। गौरतलब है कि ईडी ने पंजाब के डीजीपी को तीन चिट्ठियां लिखी थीं, जिनमें यह कहा गया था कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन और कुछ अन्य लोग (नितिन गोहल और बीर देविंदर भी शामिल) भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं। इन पत्रों में आरोपों के सिलसिले में कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया था। मांग की गई थी कि उन लोगों पर एफआईआर दर्ज की जाए। ईडी के मुख्य आरोपों के अनुसार, मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन कथित तौर पर अधिकारियों, जिनमें आईएएस और आईपीएस अधिकारी भी शामिल हैं, के ट्रांसफर और पोस्टिंग से जुड़े रैकेट को चला रहे थे। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि वे प्रशासनिक तबादलों और पोस्टिंग के साथ-साथ सरकारी टेंडरों में भी दखल दे रहे थे। यह मामला तब हाईकोर्ट पहुंचा, जब पंजाब पुलिस ने कथित तौर पर ईडी की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं की थी। वकील निखिल सराफ ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की, जिसमें मामले को सीबीआई को सौंपने की मांग की गई थी। याचिका में सराफ ने कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय के पत्र में पंजाब मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े अधिकारियों के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सराफ ने तर्क दिया कि मामलों को 'निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच' के लिए सीबीआई को सौंपा जाना चाहिए, जो 'पंजाब पुलिस और पंजाब विजिलेंस के प्रभाव से मुक्त' हो। इसके बाद सोमवार को अपने फैसले में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया।

नितिन कोहली ने दिल्ली में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों को लेकर बैठक में लिया हिस्सा

भारत की ऐतिहासिक एशियन गेम्स डबल गोल्ड जीत का मनाया जश्न

डेली आवाज भारती



जालंधर/बलजीतः हॉकी इंडिया के उपाध्यक्ष और हॉकी पंजाब के अध्यक्ष नितिन कोहली ने मंगलवार को दिल्ली में आयोजित एक बैठक में हिस्सा लिया, जिसमें आगामी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक के दौरान एशियन गेम्स में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि का भी जश्न मनाया गया, जहां भारतीय पुरुष और महिला दोनों हॉकी टीमों ने गोल्ड मेडल जीते। कोहली ने भारतीय टीमों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और कहा कि दोनों टीमों की डबल गोल्ड मेडल जीत देश और भारतीय हॉकी के लिए बेहद गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ की कड़ी मेहनत और एशियन गेम्स के लिए दोनों टीमों की तैयारी में शामिल सामूहिक प्रयासों को दर्शाती है। कोहली ने हॉकी इंडिया की चयन समिति के सदस्यों, जिनमें डॉ. आर.पी. सिंह, मोहम्मद रियाज, एम.एम. सोमैया और बलविंदर सिंह शम्मी शामिल हैं, के योगदान को भी स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी के अनुभव और समझ ने गोल्ड जीतने वाली टीमों के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि एशियन गेम्स में दोनों टीमों का पहली बार गोल्ड जीतना भारतीय हॉकी को बड़ा बढ़ावा देगा और देशभर, खासकर पंजाब के युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा। दिल्ली में हुई बैठक के दौरान आगामी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। इसमें यह सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया गया कि भारतीय टीम प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह तैयार रहे। कोहली ने कहा कि एशियन गेम्स की सफलता से बनी गति को आगे भी जारी रखा जाना चाहिए और विश्वास जताया कि भारतीय हॉकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार सफलता हासिल करती रहेगी।

73.15 लाख रुपये की लागत से बनी नई सड़क जनता को समर्पित

विधानसभा हलका भदौड़ में विकास कार्य लगातार जारीः विधायक लाभ सिंह उगोके

डेली आवाज भारती



भदौड़/बरनाला/राजेश जेठी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की ओर से राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत आज विधानसभा हलका भदौड़ के विधायक लाभ सिंह उगोके ने गांव मौड़ मकसूतां से राइया ड्रेन तक नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया। इस मौके पर विधायक लाभ सिंह उगोके ने बताया कि 1.2 किलोमीटर लंबी इस नई सड़क के निर्माण पर करीब 73.15 लाख रुपये की लागत आई है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। सड़क के निर्माण से अब गांववासियों और राहगीरों की आवाजाही काफी सुगम हो जाएगी। यह सड़क न केवल आवागमन को आसान बनाएगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी नई गति प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा हलका भदौड़ में बिना किसी भेदभाव के लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। लोगों को बेहतर सुविधाएं, पक्की सड़कें और मजबूत बुनियादी ढांचा उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले दिनों में हलके में कई अन्य बड़े विकास प्रोजेक्ट भी पूरे किए जाएंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान गांव के गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। उन्होंने इस विकास कार्य के लिए विधायक लाभ सिंह उगोके और पंजाब सरकार का विशेष रूप से धन्यवाद किया।

70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेल प्रतियोगिताएं

- धनौला में नेटबॉल अंडर-19 लड़कियों की प्रतियोगिता का शानदार आगाज

डेली आवाज भारती



धनौला/बरनाला/गोपाल : 70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेल प्रतियोगिताओं के तहत धनौला स्थित पीएम श्री सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (लड़के) में नेटबॉल अंडर-19 लड़कियों के मुकाबलों का शानदार आगाज हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर निगम बरनाला के मेयर हसनप्रीत भारद्वाज ने झंडा फहराकर किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी शिक्षा) बरनाला सुनीतइंदर सिंह गिल ने मुख्य अतिथि मेयर हसन भारद्वाज और विभिन्न जिलों से पहुंचे खिलाड़ियों का स्वागत किया। उन्होंने प्रतियोगिता के सुचारू आयोजन के लिए किए गए प्रबंधों की जानकारी देते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मेयर हसनप्रीत भारद्वाज ने कहा कि एक खिलाड़ी अपनी ऊर्जा और समय खेल मैदान में लगाता है, जिसके चलते वह नशे तथा अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार ने खेलों के बजट में बड़ा इजाफा किया है। इसके चलते पंजाब में बेहतर खेल ढांचा तैयार किया जा रहा है और एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले पंजाब के खिलाड़ियों को नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया जा रहा है। डीएम स्पोर्ट्स बरनाला सिमरदीप सिंह सिद्धू ने मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया। उन्होंने खिलाड़ियों और टीम प्रभारियों को विश्वास दिलाया कि सभी मुकाबले निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाए जाएंगे।

पहले दिन इन टीमों ने दर्ज की जीत

पहले दिन खेले गए लीग मुकाबलों में विंग ख्याला कलां ने पटियाला को 37-3, फाजिल्का ने अमृतसर को 15-1, मोगा ने फरीदकोट को 13-0, श्री मुक्तसर साहिब ने लुधियाना को 26-12 तथा मानसा ने रूपनगर को 27-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस अवसर पर प्रिंसिपल निधा अल्ताफ, प्रिंसिपल अनिल मोदी, हेड मास्टर प्रदीप कुमार, हेड मास्टर सुखदेव सिंह, नगर कौंसिल धनौला के अध्यक्ष धर्मिंदर सिंह ढिल्लों, पूर्व एईओ गुरमेल सिंह, शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स क्लब धनौला के अध्यक्ष भगवंत सिंह पंधेर, बूटा सिंह एमसी, स्कूल इंचार्ज हरप्रीत कौर, स्कूल इंचार्ज सुखविंदर कौर सहित विभिन्न जिलों से आए टीम प्रभारी, कोच और खिलाड़ी मौजूद रहे।

श्रीमद् भागवत कथा का तृतीय दिवस

सच्ची प्रार्थना बिना विलंब सीधे परमात्मा तक पहुँचती है', आचार्य गौरव कृष्ण गोस्वामी

डेली आवाज भारती





जालंधर/बलजीत : श्रीमद् भागवत कथा का तृतीय दिवस- सच्ची प्रार्थना बिना विलंब सीधे परमात्मा तक पहुँचती है÷, आचार्य गौरव कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्ति, वैराग्य, सत्संग, सेवा और सुमिरन का महत्व समझाया

साई दास स्कूल ग्राउंड, पटेल चौक में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धेय आचार्य गौरव कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने कथा के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, वैराग्य, सत्संग, सेवा और सुमिरन का महत्व समझायासच्ची प्रार्थना बिना विलंब सीधे परमात्मा तक पहुँचती है आचार्य श्री ने कहा कि संसार की किसी वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाने के लिए भले ही डाकिये की आवश्यकता पड़ती हो, लेकिन हृदय से निकली सच्ची प्रार्थना बिना किसी विलंब के सीधे परमात्मा तक पहुँच जाती है। जो लोग भगवान की शरण में आ जाते हैं, वे किसी से नहीं डरते, क्योंकि उनके लिए स्वर्ग, मोक्ष और नरक में भी भगवान के ही दर्शन होते हैं। श्री बाँके बिहारी जी के प्राकट्य दिवस की सुनाई महिमा महाराज जी ने श्री बाँके बिहारी जी के प्राकट्य दिवस की मंगल एवं हार्दिक बधाई देते हुए विहार पंचमी की महिमा सुनाई। उन्होंने बताया कि मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी के दिन स्वामी जी ने जैसे ही तान छेड़ी, वैसे ही श्यामा-श्याम प्रकट हो गए। स्वामी जी की प्रार्थना पर श्री राधा जी अपने प्रियतम कुंजविहारी में इस प्रकार समाहित हो गईं, जैसे बादल में बिजली समा जाती है। इसी प्रकार युगल सरकार की सम्मिलित छवि बाँके बिहारी जी के रूप में शोभायमान हुई और अगहन सुदी पंचमी विहार पंचमी के नाम से प्रसिद्ध हुईकपिलङ्कदेवहूति संवाद और ध्रुव चरित्र ने मोहा मन आचार्य श्री ने कहा कि जिस प्रकार विशाल सरोवर से असंख्य नाले निकलते हैं, उसी प्रकार सत्त्वनिधि भगवान श्रीहरि के अनगिनत दिव्य अवतार प्रकट हुए हैं।

समस्त ऋषि, मनु, देवता, प्रजापति और महान शक्तियाँ भगवान के ही अंश स्वरूप हैं। कथा के दौरान कपिलङ्कदेवहूति संवाद का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि कर्दम ऋषि के वन गमन के पश्चात माता देवहूति मोक्षमार्ग की प्राप्ति के लिए भगवान कपिल के पास पहुँचीं। भगवान कपिल ने उन्हें दिव्य ज्ञान प्रदान किया, जिसके माध्यम से वे संसार के बंधनों से मुक्त हुईं और 'सिद्धिरा' नदी के रूप में परिणत हुईं।

पराली प्रबंधन को लेकर बरनाला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद : डिप्टी कमिश्नर

- पराली जलाने से रोकने के लिए विशेष ड्रोन निगरानी टीमों का गठन : हरप्रीत सिंह

डेली आवाज भारती



बरनाला/नवीन काली। जिले में धान की पराली के उचित एवं अग्रिम प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन बरनाला पूरी तरह सक्रिय है। डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह ने बताया कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे आपसी तालमेल से जमीनी स्तर पर उचित प्रबंध सुनिश्चित करें और किसानों को आ रही समस्याओं का तुरंत समाधान करें। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि वर्ष 2025 के आंकड़ों के आधार पर जिले के 3 गांवों को 'हॉट-स्पॉट' के रूप में चिन्हित किया गया है। इन गांवों में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने तथा कड़ी निगरानी रखने के लिए विशेष ड्रोन सर्विलांस टीमें गठित की जा रही हैं। उन्होंने सभी एसडीएम और डीएसपी को निर्देश दिए कि वे क्लस्टर एवं गांव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठकें कर किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा कृषि विभाग को गांवों में अधिक से अधिक जागरूकता कैंप लगाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य कृषि अधिकारी एवं सहकारी सभाओं के अधिकारियों को किसानों और सभाओं को आवंटित आधुनिक मशीनरी की खरीद समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों को पराली के उचित प्रबंधन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से पराली न जलाने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'लकी ड्रॉ (पराली) 2026' योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत कुल 7 लाख रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है। प्रत्येक सप्ताह 1 लाख रुपये के पुरस्कार निकाले जाएंगे।

इसमें पहला पुरस्कार 20 हजार रुपये, दूसरा पुरस्कार 15 हजार रुपये, तीसरा पुरस्कार 10 हजार रुपये तथा 22 विजेता किसानों को 2,500-2,500 रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे। योजना का लाभ लेने के लिए जिले के किसान 10 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन लिंक के माध्यम से अथवा प्रशासन द्वारा जारी क्यूआर कोड स्कैन करके अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

page 4_Layout 1 06-10-2026 20:19 Page 1

एम.सी. नया गांव कांग्रेसी ही था और कांग्रेसी ही रहेगा: जगमोहन सिंह कंग

चाहे आप हो या भाजपा, जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है: कंग

डेली आवाज भारती



कुराली,संदीप अकालगढ़िया। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब के पूर्व मंत्री सरदार जगमोहन सिंह कंग ने एम.सी. नया गांव के प्रधान विपिन शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों की एक अहम बैठक की। बैठक के दौरान क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की गतिविधियों तथा शहर के सर्वांगीण विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में इस बात पर खुलकर चर्चा हुई कि पहले कमेटी कांग्रेस की थी, अब आम आदमी पार्टी की सरकार के बाद भाजपा का नेतृत्व है, लेकिन नया गांव के सर्वांगीण विकास के लिए कोई उचित योजना नजर नहीं आ रही। बैठक में कहा गया कि शहर में सीवरेज, गंदे पानी की निकासी, गलियों-नालियों, स्ट्रीट लाइटों, पीने वाले पानी और बिजली की समस्याओं के साथ-साथ उचित नक्शे पास न होने के कारण लोग बेहद परेशान हैं। इसके अलावा क्षेत्र में भ्रष्टाचार को लेकर भी लोगों में रोष है और उनकी समस्याओं की उचित सुनवाई नहीं हो रही। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री जगमोहन सिंह कंग ने कहा कि वर्ष 1992 में स्वर्गीय बेअंत सिंह की सरकार के समय से लेकर आज तक का मेरा अनुभव है कि यहां से हमेशा मैं और कांग्रेस पार्टी जीतती आई है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का गर्व है कि 18 अक्टूबर 2006 को उन्होंने ही नया गांव को एन.ए.सी. का दर्जा दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी और वर्ष 2012-17 के दौरान खरड़ हलके से विधायक चुने जाने के बाद पूरी म्युनिसिपल कमेटी का गठन भी करवाया था। कंग ने कहा कि इसके लिए वह नया गांव के पुराने साथियों, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के आभारी हैं और हमेशा रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता का कहना है कि पिछले करीब पांच वर्षों में आम आदमी पार्टी और भाजपा ने नया गांव के विकास को पूरी तरह नजरअंदाज किया है, जिसके चलते आज यहां के निवासी अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस संगठन को लेकर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि पुराने कार्यकर्ताओं और नेताओं की उचित पूछ-परख नहीं हुई तथा एम.सी. चुनावों में टिकटें भी योग्यता और सोच-विचार के आधार पर नहीं दी गईं। इसी कारण कांग्रेस पार्टी पीछे रही है। कंग ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने उनसे बार-बार आग्रह किया है कि वह पहले की तरह आगे आकर रुके हुए विकास कार्यों को करवाएं तथा कांग्रेस पार्टी के पूरे कैडर को एकजुट और लामबंद करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह क्षेत्र के विकास तथा लोगों के हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि आज तक जिन वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं की अनदेखी हुई है, उनकी अब पूछ-परख की जाएगी। उन्हें आगे लाकर सभी को साथ लेकर और एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी को फिर से मजबूत किया जाएगा। अंत में पूर्व मंत्री कंग ने नया गांव के सभी भाई-बहनों और शुभचिंतकों से अपील करते हुए कहा कि सभी मिलकर नया गांव की नुहार बदलने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ के नजदीक होने के कारण नया गांव की आबादी दिन-प्रतिदिन तेजी से बढ़ रही है, इसलिए क्षेत्र के विकास के लिए एक मजबूत और दूरदर्शी योजना की आवश्यकता है। उन्होंने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को देखते हुए इंडियन नेशनल कांग्रेस को और मजबूत करने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रधान विपिन शर्मा, दलवीर सिंह पप्पी, सरपंच मुख्तियार सिंह, अवतार सिंह तारी, रविंदर सिंह रवि, सुरिंदर जौली, कामरेड जैचंद सहित अन्य कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सब-डिविजनल इंजीनियर को विजिलेंस ब्यूरो ने 30,000 की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/बलजीत: राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान, पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने वाटर सप्लाई एंड सैनिटेशन डिपार्टमेंट, कपूरथला में तैनात सब-डिविजनल इंजीनियर (SDE) अगमजोत सिंह को ₹. 1,25,000 की रिश्वत मांगते हुए और पहली किस्त के तौर पर रुपये. 30,000 लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। आज यहां यह जानकारी देते हुए, स्टेट विजिलेंस ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी अधिकारी को वाटर सप्लाई एंड सैनिटेशन डिपार्टमेंट, सब-डिविजन नंबर 2, कपूरथला में तैनात एक सब-डिविजनल क्लर्क की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता का ट्रांसफर आरोपी SDE के पास कर दिया गया है। अगमजोत सिंह का तबादला 5 अक्टूबर 2026 को गांव चक्रोकी, जिला कपूरथला की जल सप्लाई स्कीम में हो गया था। गौरतलब है कि शिकायतकर्ता का घर पोस्टिंग की जगह से काफी दूर था, इसलिए उसने आरोपी अगमजोत सिंह से अपना तबादला रद्द करने या रोकने के लिए मौखिक अनुरोध किया था। इसके बाद शिकायतकर्ता के साथी कर्मचारी और फिटर हेल्पर अमरिंदर सिंह ने उन्हें बताया कि अगमजोत सिंह ने तबादला रोकने के लिए रिश्वत की मांग की है। बाद में अमरिंदर सिंह ने अगमजोत सिंह से फोन पर संपर्क किया, जिसने 1,25,000 रुपये की मांग की, जो किश्तों में दी जानी थी। प्रवक्ता ने कहा कि अवैध राशि की मांग के संबंध में बातचीत को अमरिंदर सिंह ने अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड कर लिया था। रिश्वत देने से इनकार करने पर शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो रेंज जालंधर से संपर्क किया। उनकी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने आरोपी सब-डिविजनल इंजीनियर अगमजोत सिंह को 1,000 रुपये की रिश्वत की पहली किश्त लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। शिकायत करने वाले से दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में 30,000 रुपये और रिश्वत की रकम (30,000) बरामद कर ली गई है। इस संबंध में, विजिलेंस ब्यूरो के जालंधर रेंज पुलिस स्टेशन में आरोपियों के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है और मामले की आगे की जांच चल रही है।

6 महीने की बच्ची से लेकर 83 साल की दादी तक, 108 से अधिक महिलाएं मंच पर उतरेंगी रामायण के किरदार में

- 11 से 20 अक्टूबर तक पीरमुछल्ला में पांचवीं महिला रामलीला, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी करेंगे उद्घाटन

डेली आवाज भारती



जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल: एक तरफ 6 महीने की नन्ही बच्ची... दूसरी तरफ 83 साल की दादी। इनके बीच छात्राएं, गृहिणियां, शिक्षिकाएं, सीए, वकील, आईटी प्रोफेशनल्स, कारोबारी, रियल एस्टेट से जुड़ी महिलाएं, नौकरीपेशा और सेवानिवृत्त महिलाएं। उम्र और पेशे की सीमाएं टूटेंगी और 108 से अधिक बहनें-बेटियां एक ही मंच पर रामायण के विभिन्न पात्रों को जीवंत करेंगी। महिला सशक्तिकरण और सनातन संस्कृति का यह अनोखा संगम 11 से 20 अक्टूबर तक चिनार होम्स, पीरमुछल्ला में देखने को मिलेगा। संस्था %जड़ों से जुड़ो% की ओर से करवाई जा रही विश्व की पहली डिजिटल महिला रामलीला का यह पांचवां मंचन होगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इसका उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम का पोस्टर चंडीगढ़ प्रेस क्लब में जारी किया गया। 2022 से लगातार करवाई जा रही यह महिला रामलीला अब अपने पांचवें मंचन तक पहुंच चुकी है। प्रबंधकों के मुताबिक पिछले वर्षों के दौरान प्रत्यक्ष और डिजिटल माध्यमों के जरिए इसे लाखों दर्शकों का प्यार मिला है।

इस बार रामायण की प्रस्तुति में एआई, डिजिटल तकनीक, आधुनिक लाइटिंग, साउंड और विशेष डिजिटल प्रभावों का इस्तेमाल किया जाएगा। इसका उद्देश्य परंपरा को आधुनिक तकनीक से जोड़कर नई पीढ़ी तक रामायण का संदेश प्रभावशाली ढंग से पहुंचाना है। रामलीला की खासियत सिर्फ यह नहीं है कि सभी पात्र महिलाएं निभाएंगी, बल्कि इसमें समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी भी होगी। बालिकाएं, गृहिणियां, छात्राएं, शिक्षिकाएं, नौकरीपेशा महिलाएं, कारोबारी, रियल एस्टेट से जुड़ी महिलाएं, सीए, आईटी विशेषज्ञ, सेवानिवृत्त महिलाएं, वकील और नानी-दादी इस प्रस्तुति का हिस्सा बनेंगी। दिव्यांग बेटियों और एसिड अटैक सर्वाइवर्स को भी मंच दिया गया है। प्रबंधकों का कहना है कि यह रामलीला समाज को संदेश देगी कि प्रतिभा किसी उम्र, पेशे या शारीरिक स्थिति की मोहताज नहीं होती। रामलीला का लाइव प्रसारण जियो, एयरटेल, टाटा, गूगल टीवी, ओटीटी प्रीमियम लाइव, देन टीवी, डिश वॉच, डिट्टो टीवी और फास्टवे केबल्स के जरिए चंडीगढ़ और दिल्ली-एनसीआर में किया जाएगा।

पौधों में तनाव और अनुकूलन की प्रक्रियाओं को समझना समय की आवश्यकता : प्रो. शमसुल हयात

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में 'वानस्पतिक विज्ञान में विकास' विषय पर विशेष व्याख्यान

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के बॉटनिकल एंड एनवायर्नमेंटल साइंसेज विभाग द्वारा रूसा 2.0 के तहत तथा गोल्डन जुबली सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड इनोवेशन के सहयोग से 'वानस्पतिक विज्ञान में विकास' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विभाग की प्रमुख एवं संयोजक प्रो. (डॉ.) सतविंदरजीत कौर ने विभाग की शोध उपलब्धियों के बारे में जानकारी साझा की। कोऑर्डिनेटर डॉ. नितिका कपूर ने कार्यक्रम के विषयों की जानकारी देते हुए पौधों की तनाव-शरीर क्रियाविज्ञान तथा टिकाऊ कृषि के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. नितिका कपूर ने किया, जबकि डॉ. मयंक धर द्विवेदी ने सह-समन्वय की जिम्मेदारी निभाई। विषय पर विशेष व्याख्यान के दौरान अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग के प्रो. शमसुल हयात ने बताया कि विभिन्न पर्यावरणीय तनाव की परिस्थितियों के दौरान पौधे अपने विकास और जीवन-रक्षा के बीच ऊर्जा के आवंटन को किस प्रकार नियंत्रित करते हैं। प्रो. हयात ने पौधों द्वारा तनाव के प्रभावों से निपटने के लिए की जाने वाली विभिन्न शारीरिक प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने तनाव सहनशीलता और तनाव से बचाव जैसी प्रक्रियाओं को भी समझाया। इसके अलावा हार्मोन जैसे पदार्थों के माध्यम से पौधों में तनाव के प्रभावों को कम करने तथा विभिन्न हार्मोनों के बीच आपसी संकेत प्रणाली के माध्यम से पौधों की पर्यावरणीय तनाव के प्रति प्रतिक्रिया को नियंत्रित करने के बारे में भी चर्चा की। व्याख्यान के बाद विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों ने मुख्य वक्ता के साथ विचार-विमर्श किया तथा पौधों की तनाव के प्रति प्रतिक्रिया से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. मयंक धर द्विवेदी ने सभी का धन्यवाद किया।

ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी की पानी की बड़ी समस्या का हुआ समाधान, नया जनरेटर सेट लगाया गया

डेली आवाज भारती



खरड़,संदीप अकालगढ़िया। ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी के निवासियों के लिए आज का दिन खुशी और राहत लेकर आया, जब पिछले करीब छह महीनों से चली आ रही पानी की गंभीर समस्या का समाधान करते हुए ट्यूबवेल के साथ नया बड़े हॉर्स पावर (HP) का जनरेटर सेट स्थापित कर दिया गया। कॉलोनी निवासियों ने बताया कि करीब छह महीने पहले म्युनिसिपल कमेटी की ओर से कॉलोनी का जनरेटर सेट हटा दिया गया था। इसके बाद किसी अन्य स्थान से बहुत कम मात्रा में और गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा था, जिसके कारण कॉलोनी के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विशेष रूप से बच्चों और परिवारों के स्वास्थ्य को लेकर भी लोगों में चिंता बनी हुई थी। इस समस्या के समाधान के लिए निवासियों द्वारा कई बार म्युनिसिपल कमेटी से गुहार लगाई गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी के प्रधान बृज मोहन जी ने इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए आम आदमी पार्टी के नेता परमिंदर सिंह गोल्डी जी और सरदार प्रभजोत सिंह जी खालसा के ध्यान में यह मामला लाया। दोनों नेताओं ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिना समय गंवाए म्युनिसिपल कमेटी के ई.ओ. साहब और एस.डी.एम. साहब से संपर्क किया तथा समस्या के समाधान के लिए व्यक्तिगत तौर पर प्रयास किए। उनकी कोशिशों के चलते आज ट्यूबवेल के साथ नया बड़े हॉर्स पावर का जनरेटर सेट स्थापित कर दिया गया, जिससे कॉलोनी में पानी की सप्लाई से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान का रास्ता साफ हुआ है।

एमसीए द्वारा साउथ जोन में अवैध पशु डेयरियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई



डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी : माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के निर्देशों की पालना करते हुए नगर निगम अमृतसर (MCA) ने आज साउथ जोन में नगर निगम की सीमा के भीतर चल रही अवैध पशु डेयरियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। यह कार्रवाई नगर निगम कमिश्नर CMC बिक्रमजीत सिंह शेरगिल (IAS) और अतिरिक्त कमिश्नर डॉ. जय इंदर सिंह के दिशा-निर्देशों के तहत की गई। यह अभियान शहर में अवैध पशु डेयरियों को हटाने तथा माननीय हाईकोर्ट के आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के लिए लगातार चलाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान गुरुद्वारा शहीदां साहिब रोड तथा तरनतारन रोड कॉलोनी में स्थित 4 अवैध पशु डेयरियों को खाली करवाया गया। इस संयुक्त कार्रवाई में ड्यूटी मजिस्ट्रेट श्री अंगद सिंह, साउथ जोन स्वास्थ्य विभाग की टीम, कैटल इम्पाउंड टीम तथा नगर निगम पुलिस फोर्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्रवाई के दौरान पशु डेयरी मालिकों द्वारा टीम का कड़ा विरोध किया गया। हालांकि, नगर निगम की टीम ने माननीय हाईकोर्ट के निर्देशों और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों के अनुसार कार्रवाई जारी रखी।

सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन, ऑटो से संसद पहुंचे गुरजीत सिंह औजला

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दिल्ली में कांग्रेस और INDIA ब्लॉक के प्रदर्शन के बीच अमृतसर से कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला की ऑटो सवारी चर्चा में आ गई। विपक्षी नेता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ संसद से चुनाव आयोग की ओर मार्च करने पहुंचे थे। इसी दौरान दिल्ली में बैरिकेडिंग और यातायात प्रतिबंधों के कारण रास्ते प्रभावित हुए, जिसके बाद औजला कार की जगह ऑटो से संसद पहुंचे। औजला ने अपनी ऑटो सवारी की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कहा कि रास्ते बंद किए जा सकते हैं, लेकिन संसद में लोगों की आवाज को नहीं रोका जा सकता। उनके इस अंदाज की तस्वीर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई। दरअसल, कांग्रेस और ढ्ढह्लढ्ढ ब्लॉक के नेता मतदाता सूची के संशोधन की प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। विपक्ष की मांग है कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो और हर मतदाता के लोकतांत्रिक अधिकार की रक्षा की जाए। इसी मुद्दे को लेकर विपक्षी नेता संसद से चुनाव आयोग की ओर मार्च कर रहे थे।मार्च के दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया। दिल्ली में जगह-जगह बैरिकेडिंग किए जाने और यातायात प्रभावित होने के बीच गुरजीत सिंह औजला का ऑटो से संसद पहुंचना इस प्रदर्शन की प्रमुख तस्वीरों में शामिल हो गया। गुरजीत सिंह औजला अमृतसर से कांग्रेस सांसद हैं। वह 2017 में पहली बार लोकसभा पहुंचे, 2019 में दोबारा चुने गए और 2024 में अमृतसर सीट से लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की। ऐसे में उनके ऑटो से संसद पहुंचने की तस्वीर ने प्रदर्शन के राजनीतिक मुद्दे के साथ एक अलग दृश्य भी जोड़ दिया। पूरे घटनाक्रम में एक तरफ विपक्ष चुनावी प्रक्रिया और मतदाता सूची के संशोधन को लेकर चुनाव आयोग से जवाबदेही की मांग कर रहा था, तो दूसरी तरफ प्रदर्शन के दौरान दिल्ली में लगाए गए बैरिकेड्स और औजला की ऑटो सवारी चर्चा में रही। प्रदर्शन का मूल मुद्दा चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाता अधिकारों से जुड़ा है, जबकि औजला की तस्वीर ने इसे सोशल मीडिया पर एक अलग तरह की चर्चा दे दी।

बहादुर सिंह ओके की अगुवाई और भारत भूषण वर्मा की देखरेख में वार्ड नंबर 2 में करीब 65 लाख रुपये के विकास कार्यों की शुरुआत

समाजसेवियों शिवनाथ और शास्त्री ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन, कुराली को मॉडल सिटी बनाने में नहीं छोड़ी जाएगी कोई कसर

डेली आवाज भारती



कुराली, ,संदीप अकालगढ़िया ,कुराली शहर में आम आदमी पार्टी के काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके की योग्य अगुवाई में चल रहे सर्वपक्षीय विकास कार्यों की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए वार्ड नंबर 2 में करीब 60 से 65 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इन विकास कार्यों का संयुक्त रूप से उद्घाटन समाजसेवी शिवनाथ और शास्त्री द्वारा किया गया। इस मौके पर वार्ड नंबर 2 के काउंसलर भारत भूषण वर्मा तथा काउंसिल के कार्यकारी अधिकारी (ई.ओ.) की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके सहित शहर के प्रमुख गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके और काउंसलर भारत भूषण वर्मा ने वार्ड नंबर 2 में शुरू करवाए गए विकास कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि वार्डवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए करीब 60 से 65 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इन विकास कार्यों के तहत वार्ड की खराब गलियों की मरम्मत, नई गलियों का निर्माण तथा पानी की उचित निकासी के लिए नालियों में पाइप डालने सहित कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों और अगुवाई में कुराली शहर का रिकॉर्डतोड़ विकास करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस समय शहर के सभी वार्डों में करीब 28 अलग-अलग लोकेशनों पर विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर काउंसिल द्वारा पार्टीबाजी से ऊपर उठकर शहर के प्रत्येक क्षेत्र का बिना किसी भेदभाव के विकास करवाया जा रहा है। उन्होंने शहरवासियों को भरोसा दिलाया कि कुराली को एक मॉडल सिटी बनाने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। इस मौके पर काउंसलर भारत भूषण वर्मा और वार्डवासियों ने विकास कार्य शुरू होने पर खुशी जाहिर करते हुए काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके की अगुवाई वाली टीम का धन्यवाद किया। इस अवसर पर काउंसलर प्रदीप कुमार रूड़ा, काउंसलर दिनेश गौतम, काउंसलर डॉ. अश्विनी शर्मा सहित वार्ड नंबर 2 के बड़ी संख्या में मोहल्लावासी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

नशों से दूर रखने के लिए बैनीपाल ग्रुप की पहल

तीन गांवों के युवाओं को बांटी खेल किटें

डेली आवाज भारती



खरड़, ,संदीप अकालगढ़िया, युवाओं को नशों से दूर रखने और उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बैनीपाल ग्रुप की ओर से हलका खरड़ के विभिन्न गांवों में विशेष पहल की गई। इस दौरान गांव बहालपुर, सैनीमाजरा और लुबाणगढ़ में युवाओं को खेल किटें वितरित की गईं। इस मौके पर युवाओं को संबोधित करते हुए समाजसेवी दलविंदर सिंह बैनीपाल ने कहा कि युवा किसी भी देश और समाज की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। आज की युवा पीढ़ी ही आने वाले समय में देश और समाज की अगुवाई करेगी। इसलिए युवाओं को नशों जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर खेलों, शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना समय की मुख्य जरूरत है। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक तंदुरुस्ती का माध्यम ही नहीं हैं, बल्कि खेलों से युवाओं में अनुशासन, मेहनत, आत्मविश्वास, सहनशीलता और टीम भावना भी पैदा होती है। यदि युवाओं को खेलों के लिए उचित सुविधाएं और मार्गदर्शन उपलब्ध करवाया जाए तो वे अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाकर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। दलविंदर सिंह बैनीपाल ने कहा कि युवाओं को नशों से बचाना केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। समाजसेवी संस्थाओं, खेल क्लबों और गांवों के गणमान्य लोगों को मिलकर युवाओं को खेल मैदानों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि बैनीपाल ग्रुप की ओर से युवाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और खेल संबंधी कार्य जारी रखे जाएंगे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपना कीमती समय नशों और गलत संगत में बर्बाद करने की बजाय खेलों तथा शिक्षा पर ध्यान दें। इस अवसर पर गांवों के युवाओं और गणमान्य लोगों ने बैनीपाल ग्रुप एवं समाजसेवी दलविंदर सिंह बैनीपाल द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना की। युवाओं ने खेल किटें मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास उन्हें खेलों के प्रति और अधिक उत्साहित करते हैं तथा युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

CMYK

page 5_Layout 1 06-10-2026 20:41 Page 1

खोसला की निलंबन के खिलाफ भड़का रोष

8 अक्तूबर को सात नंबर चुंगी जाम करने का ऐलान

- बड़ी संख्या में लोगों ने भरी हुंकार, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से फिरोजपुर-मोगा मार्ग होगा बंद
- 72 घंटे का अल्टीमेटम बेअसर रहने के बाद संगठनों का रुख हुआ ओर तीखा, नगर परिषद पार्क में हुई हंगामी बैठक



फूड सेफ्टी अधिकारी अभिवन खोसला की बहाली को लेकर बैठक करते हुए विभिन्न सगंठनों के पदाधिकारी एवं संघर्ष संबंधी जानकारी देते हुए।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर अभिनव खोसला के निलंबन को लेकर विभिन्न संगठनों का रोष अब सडे ों पर उतरने की तैयारी में है। विभाग को दी गई 72 घंटे की अल्टीमेटम के बावजूद निलंबन रद्द कर अभिनव खोसला को फिरोजपुर में तैनात ना किए जाने के कारण संगठनों का रुख ओर तीखा हो गया है। मंगलवार को नगर परिषद पार्क में हुई हंगामी बैठक में किसान, शिक्षक, पत्रकार, वकील, राजनीतिक, धार्मिक, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों और यूनियनों के पदाधिकारियों के अलावा ढाई सौ से अधिक लोगों ने शिरकत की। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर लड़ते लोग जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद संघर्ष के तहत 8 अक्तूबर गुरुवार को फिरोजपुर छावनी की सात नंबर चुंगी को पूरी तरह जाम करने का ऐलान किया गया। नेताओं के मुताबिक इस जाम में बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित पहुंचेंगे, जबकि अन्य संगठनों के सदस्य भी अपने वाहनों से शामिल होंगे। सात नंबर चुंगी को चारों ओर से जाम कर फिरोजपुर-मोगा-लुधियाना मार्ग पर आवाजाही रोकने की चेतावनी दी गई है।

संघर्ष के संयोजक गुरनाम सिद्धू और एडवोकेट रोहित अरोड़ा ने कहा कि संगठनों द्वारा विभाग को मांग पूरी करने के लिए 72 घंटे का समय दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उल्टा शनिवार को दो फूड सेफ्टी इंस्पेक्टरों को ज्वाइन करवाया गया। उन्होंने कहा कि 8 अक्तूबर का संघर्ष किसी एक व्यक्ति के हक में नहीं, बल्कि फिरोजपुर में मिलावटखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर किया जा रहा है। नेताओं ने कहा कि आजादी के बाद फिरोजपुर में कई फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर और अधिकारी तैनात रहे हैं, लेकिन अभिनव खोसला द्वारा मिलावटखोरी के खिलाफ जिस स्तर पर कार्रवाई की गई, वह अलग बात है। उनके कार्यकाल के दौरान छोटे-बड़े दुकानदारों, रेस्टोरैंट, ढाबों के अलावा दूध, पनीर, खोया और अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए, जांच के लिए भेजे गए कई सैंपल फेल पाए गए, जिसके बाद संबंधित कारोबारियों के खिलाफ जुर्माना और अन्य कार्रवाई की गई। संगठनों के पदाधिकारियों ने दावा किया कि अभिनव खोसला द्वारा पिछले सालों के दौरान लगाए गए कई ऐसे जुर्माने भी वसूल करवाए गए, जो लंबे समय से बकाया पड़े थे। इससे सरकारी राजस्व में भी वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि अगर मिलावटखोरी के खिलाफ कार्रवाई करने वाले अधिकारी को ही हटा दिया जाएगा तो इससे मिलावटखोरों के हौसले बढ़ेंगे। नेताओं ने कहा कि 8 अक्तूबर को सात नंबर चुंगी पर किया जाने वाला रोष प्रदर्शन पूरी तरह सडे जाम के रूप में होगा।

यह मार्ग फिरोजपुर को मोगा, लुधियाना, फाजिल्का और अन्य जिलों से जोड़ता है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं लेती, संघर्ष को और तेज किया जाएगा। संगठनों की मुख्य मांग है कि अभिनव खो,ला के निलंबन को रद्द करके उन्हें जल्द से जल्द फिरोजपुर में तैनात किया जाए, ताकि जिले में मिलावटखोरी के खिलाफ मुहिम को फिर से प्रभावी ढंग से चलाया जा सके।

पीएयू-कृषि विज्ञान केंद्र फिरोजपुर द्वारा धान की सीधी बुवाई के संबंध में मनाया गया खेत दिवस



खेत दिवस मनाने के दौरान कृषि अधिकारी किसानों व लोगों को जानकारी देते हुए।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पीएयू-कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) फिरोजपुर द्वारा उप निर्देशक डा.गुरमेल सिंह संधू के योग्य नेतृत्व में धान की सीधी बुवाई के संबंध में गांव साधुवाला में खेत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कैंप की शुरुआत के दौरान डा. गुरमेल सिंह संधू ने किसानों के साथ धान की सीधी बुवाई के पानी की बचत में योगदान के बारे में बताते हुए कार्बन क्रेडिट के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि गांव साधुवाला लगभग 300 एकड़ पर सीधी बुवाई करके अन्य गांवों के लिए मिसाल पेश कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने किसानों के साथ गेहूं, जई और छोले की कृषि विज्ञान केंद्र में उपलब्ध किस्मों और उनके गुणों के बारे में

- किसानों को धान की सीधी बुवाई, पानी की बचत और पराली के उचित निपटान के बारे में किया जागरूक

विस्तार से बताया। इस मौके पर डा.मनजीत कौर ने किसानों के साथ सीधी बुवाई के संबंध में आवश्यक बिंदु साझा किए। इसके साथ ही उन्होंने किसानों को पराली के प्रबंधन/उचित निपटान के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पराली का प्रबंधन करने वाले किसान मिट्टी का परीक्षण कराकर जैविक पदार्थ का अंतर देख सकते हैं। इस दौरान डा.भल्लण सिंह सेखों ने किसानों को विश्वविद्यालय द्वारा सिफारिश की गई सर्दी की सब्जियों की किस्मों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों के साथ प्याज की पीआर ओ-6, पीआर ओ-7, पीओएच-1, आलू की किस्में पीपी 101, 102, 103 और पीपी 104, टमाटर की पंजाब रत्ता, बैंगन की पंजाब रौनक, पंजाब हिम्मत और मिर्च की सीएच-27 और सीएच-52 के गुणों पर चर्चा की और किसानों को ये किस्में अपनाने के लिए प्रेरित किया। जबकि डा.हरविंदर सिंह बटर, सहायक प्रोफेसर (पौध संरक्षण) ने किसानों के साथ धान और बासमती और गेहूं में कीट और रोग प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद किसानों को स. सुखबीर सिंह के सीधी बुवाई वाले खेत का दौरा भी कराया गया और किसानों को सीधी बुवाई और धान की किस्म पीआर-126 के बारे में प्रैक्टिकल तरीके से जानकारी दी गई।

पटाखे बेचने के अस्थायी लाइसेंस के इच्छुक 13 अक्तूबर तक कर सकते हैं आवेदन




फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट डा.अमनदीप कौर ने बताया कि साल 2026 के दौरान दिवाली, गुरपुरब, क्रिसमस और न्यू-ईयर के त्योहारों को ध्यान में रखते हुए माननीय पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट चंडीगढ़ द्वारा सिविल रिट याचिका नंबर 23548 ऑफ 2017 में दिए गए आदेशानुसार जिला फिरोजपुर के सभी निवासियों को सूचित किया जाता है कि पटाखे बेचने के अस्थायी लाइसेंस लेने के इच्छुक व्यक्ति अपनी पूर्ण आवेदन पत्र सभी दस्तावेजों स्व-घोषणा, आधार कार्ड की कॉपी, चालान फॉर्म आदि भरकर 07 से 13 अक्तूबर 2026 शाम 05.00 बजे तक सेवा केंद्र, मिनी सचिवालय, फिरोजपुर में जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों में माननीय हाईकोर्ट के आदेशानुसार पटाखे बेचने संबंधी अस्थाई लाइसेंस 16 अक्तूबर 2026 को सुबह 11.30 बजे मीटिंग हॉल, दूसरी मंजिल, जिला प्रशासनिक परिसर में ड्रॉ के माध्यम से जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि और समय के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

फिरोजपुर मंडल में चला विशेष गहन सफाई अभियान

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर):फिरोजपुर मंडल में 1 से 31 अक्तूबर 2026 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' के तहत प्रतिदिन अलग-अलग स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में 3 से 5 अक्टूबर 2026 तक मंडल के प्रमुख स्टेशनों एवं रेलवे परिसरों में विशेष गहन सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान फिरोजपुर कैंट, अमृतसर, फगवाड़ा, ढंडारी कलां, जालंधर सिटी, जालंधर कैंट तथा लुधियाना सहित प्रमुख स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज, प्रतीक्षालयों, शौचालयों एवं अन्य रेलयात्री सुविधाओं की गहन सफाई की गई। हाई-प्रेशर जेट वॉशर, स्क्रबर-ड्रायर एवं अन्य आधुनिक मशीनों का उपयोग कर सफाई कार्य किया गया। इसके साथ ही पेंट्री कारों, बेस किचन एवं कैटरिंग यूनिट्स की भी विशेष सफाई की गई तथा ड्रेनेज, वाटर पॉइंट्स और कचरा निस्तारण क्षेत्रों को साफ किया गया। फिरोजपुर मंडल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्टेशनों, कार्यालयों एवं परिसरों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।



फिरोजपुर मंडल में सभाई अभियान के तहत सफाई करते हुए कर्मचारी।

जीरकपुर में विकास कार्यों के लिए नगर परिषद ने खोला खजाना, 102 प्रोजेक्ट्स पर खर्च होंगे 30.41 करोड़

सड़कों से हटाए जाएंगे अवैध थड़े व रैंप; 15 अक्टूबर तक टेंडर भरने की आखिरी तारीख : प्रधान विर्क

डेली आवाज भारती

जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : शहर के बुनियादी ढांचे को सुधारने और कॉलोनियों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए नगर परिषद जीरकपुर ने एक बड़ा विकास प्लान तैयार किया है। परिषद की ओर से शहर के सभी 31 वार्डों, अंदरूनी कॉलोनियों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कुल 102 विकास कार्यों की सूची तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन सभी कामों पर कुल 30.41 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। टेंडर भरने की आखिरी तारीख 15 अक्टूबर रखी गई है और 16 अक्टूबर को टेक्निकल बिड खोली जाएगी। वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद ठेकेदारों को 6 महीने के भीतर काम पूरा करना होगा। नगर परिषद ने इस बार सड़कों पर महज टाइलें लगाने के बजाय गलियों में लोगों द्वारा बनाए गए 2 से 3 फीट



ऊंचे पक्के थड़ों और रैंपों को हटाने पर विशेष फोकस किया है। टेंडर में स्पष्ट किया गया है कि अवैध निर्माण हटाने के बाद ही गली का लेवल बराबर करके टाइलें बिछाई जाएंगी। इसके अलावा बिशनपुरा और भबात डंपिंग साइट की चारदीवारी कर डंपिंग ग्राउंड को कवर किया जाएगा। सड़कों की मजबूती के लिए मुख्य गलियों में 80 एमएम एम-40 ग्रेड और अंदरूनी गलियों में 60 एमएम एम-35 ग्रेड की इंटरलॉकिंग टाइलें लगेंगी। नाभा से रिवरडेल, भबात से वेरका बूथ, दयालपुरा स्कूल से चिमनी हाइट्स और ट्रिब्यून कॉलोनी रोड पर तारकोल बिछाने के लिए हाइड्रोस्टैटिक सेंसर पेवर का इस्तेमाल अनिवार्य किया गया है ताकि सड़कें पूरी तरह समतल बनें। वार्ड 28 (भबात) में स्टॉर्म सीवर, वेरका तक सड़क, 2 ओपन जिम और गजीबो मंजूर हुए हैं। दयालपुरा (वार्ड 26) में 49.75 लाख से नई धर्मशाला, इंडोर जिम और पार्क बनेगा। वीआईपी रोड पर 24.24 लाख से सौंदर्यीकरण और फुटपाथों पर सेफ्टी ग्रिल लगेंगी। बुजुर्गों के लिए विभिन्न पार्कों में 46.58 लाख की लागत से 700 से अधिक एम-30 कंक्रीट के एल-शेप बेंच लगाए जाएंगे।

लापरवाही पर ब्लैकलिस्ट होंगे ठेकेदार: प्रधान गुरप्रीत सिंह विर्क

नगर परिषद के प्रधान गुरप्रीत सिंह विर्क ने बताया, कि शहर के सभी 31 वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जाएंगे। काम की गुणवत्ता जांचने के लिए थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन और लैब टेस्टिंग करवाई जाएगी। निर्धारित समय में काम पूरा न करने वाली कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

21 वर्षीय बीबीए छात्र ने सीने में चाकू घोंपकर की खुदकुशी

- पीजीआई में इलाज के दौरान तोड़ा दम, पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

डेली आवाज भारती



जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल: जीरकपुर के पटियाला रोड स्थित गेटवे ऑफ ड्रीम्स सोसायटी में एक 21 वर्षीय युवक द्वारा खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान विक्रम बख्शी के रूप में हुई है, जो डीएवी कॉलेज सेक्टर-10 चंडीगढ़ में बीबीए का छात्र था। उसने कथित तौर पर अपने ही कमरे में सीने में चाकू घोंप लिया। गंभीर हालत में उसे पीजीआई चंडीगढ़ दाखिल करवाया गया था, जहां मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस को दिए बयानों में मृतक की मां सुमन बख्शी ने बताया कि वह घरेलू काम करती हैं और अपने बेटे विक्रम के साथ यहां रहती थीं, जबकि उनके पति पुनीत बख्शी उनसे अलग रहते हैं। सुमन के मुताबिक, 5 अक्टूबर की रात लगभग 8 बजे विक्रम जिम से वापस आकर अपने कमरे में चला गया। रात करीब 10:30 बजे जब वह बेटे के कमरे में गई तो विक्रम खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। उसके सीने पर चाकू का गहरा घाव था और मुंह से खून निकल रहा था। मां के शोर मचाने पर पड़ोसियों की मदद से विक्रम को तुरंत वीआईपी रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। पीजीआई में इलाज के दौरान मंगलवार सुबह लगभग 9:54 बजे उसने दम तोड़ दिया। मृतक की मां ने पुलिस को दिए बयान में साफ किया है कि उनके बेटे ने खुद ही अपने सीने में चाकू मारकर खुदकुशी की है।

गांव दयालपुरा में 7 साल बाद शुरू हुई आयुष अस्पताल की ओपीडी, लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

नवंबर के अंत तक पूरी तरह चालू होगा 50 बेड वाला अस्पताल

- 6 डॉक्टरों समेत 30 से ज्यादा स्टाफ होगा तैनात: डायरेक्टर डॉ. रमन खन्ना

डेली आवाज भारती

जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल: गांव दयालपुरा सोढ़ियां में लगभग सात साल पहले रखे गए आयुष अस्पताल के नींव पत्थर के बाद अब जाकर क्षेत्रवासियों को इसका पहला प्रत्यक्ष लाभ मिलना शुरू हो गया है। अस्पताल में ओपीडी सेवाएं शुरू कर दी गई हैं, जहां फिलहाल रोजाना 7 से 8 मरीज जांच के लिए पहुंच रहे हैं। अस्पताल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और बाकी बचे छोटे-मोटे काम निपटाए जा रहे हैं। शुरुआत में यहां 10 बेड की सुविधा दी जा रही है, जबकि बाद में इसे 50 बेड की क्षमता के साथ विकसित किया जाएगा। आयुर्वेद



विभाग का दावा है कि नवंबर के अंत तक अस्पताल को पूरी तरह से चालू कर दिया जाएगा। इस अस्पताल के शुरू होने से जीरकपुर और आसपास के इलाकों के लोगों को आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी प्रणालियों के तहत इलाज की सुविधा एक ही छत के नीचे मिलेगी, जिससे मरीजों को अलग-अलग जगहों पर नहीं भटकना पड़ेगा। दयालपुरा में आयुष अस्पताल का नींव पत्थर 14 नवंबर 2019 को तत्कालीन सांसद प्रणीत कौर और तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू द्वारा रखा गया था। उस समय एक साल में अस्पताल तैयार करने का दावा किया गया था, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण काम रुक गया। इसके बाद कई अड़चनों के कारण लंबा समय लटकने के बाद अब लगभग 7 सालों बाद यहां ओपीडी सेवाएं शुरू हो सकी हैं।

'आयुष अस्पताल में ओपीडी शुरू कर दी गई है, जहां एक डॉक्टर और एक फार्मासिस्ट तैनात हैं। बाकी बचे छोटे-मोटे काम जल्द निपटाए जा रहे हैं। शुरुआत में 10 बेड की सुविधा होगी और 6 डॉक्टरों समेत 30 से ज्यादा स्टाफ की तैनाती के लिए फाइल भेजी गई है। नवंबर महीने के अंत तक अस्पताल पूरी तरह चालू कर दिया जाएगा।'

ढाई एकड़ में बना अस्पताल, पंचकर्म के लिए विशेष थिएटर

दयालपुरा में यह अस्पताल ढाई एकड़ जमीन में बनाया गया है। यहां पंचकर्म के लिए विशेष थिएटर तैयार किया जा रहा है। फिलहाल ओपीडी स्तर पर एक डॉक्टर और एक फार्मासिस्ट की तैनाती की गई है, ताकि लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

सुखना एन्क्लेव में बड़ी चोरी का खुलासा, मुख्य आरोपी समेत चार गिरफ्तार

- दो सुनार भी पुलिस की गिरफ्त में, अदालत ने पूछताछ के लिए रिमांड पर भेजा
- घर से सोने के गहने व अन्य सामान चोरी होने का मामला

डेली आवाज भारती

नयागांव/हरतेज तेजी: कांसल के सुखना एन्क्लेव में सामने आई सोने के गहनों की बड़ी चोरी के मामले में नयागांव पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में दो सुनार भी शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। चोरी की इस घटना को इलाके की बड़ी चोरी की घटनाओं में से एक बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार सुखना एन्क्लेव निवासी पंकज गुप्ता ने शिकायत दी थी कि 18 अगस्त 2026 को घर की अलमारी खोलने पर उन्हें बड़ी मात्रा में सोने के गहने और अन्य सामान गायब मिले। शिकायतकर्ता के घर में काम करने वाली नौकरानी माही से पूछताछ के बाद रैनू लामा पर संदेह जताया गया। शिकायत में आरोप है कि चोरी किए गए गहनों को अन्य लोगों की मदद से अलग-अलग ज्वैलर्स को बेच दिया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने रैनू लामा, काजल, नवजोत सिंह तथा चंडीगढ़ सेक्टर-15 स्थित अशोक ज्वैलर के मालिक बृजेश वर्मा और निशांत वर्मा समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायत में चोरी के गहनों की बिक्री से प्राप्त रकम में से करीब 16 लाख रुपये बांटे जाने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मुख्य आरोपी के साथ दो सुनार शामिल बताए जा रहे हैं।

खाली पदों को भरें, कर्मचारियों पर अतिरिक्त काम का बोझ डालना बंद करें: फेडरेशन एटक

डेली आवाज भारती

कुराली/संदीप अकालगढ़, आज पी.एस.ई.बी. एम्प्लाइज फेडरेशन एटक मंडल यूनिट कुराली की एक अहम बैठक प्रधान गगन राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक संबंधी प्रेस को जानकारी देते हुए सचिव मैडम नवदीप कौर ने बताया कि बैठक के दौरान 10 अक्टूबर को संगरूर में की जा रही रैली की तैयारियों संबंधी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। आगूओं ने कहा कि 10 अक्टूबर की संगरूर रैली में बड़ी संख्या में कर्मचारी और पेंशनर भाग लेंगे और बड़ा एकत्र करके नया रिकॉर्ड कायम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष के जरिए सरकार को कर्मचारियों और पेंशनरों की लंबे समय से लंबित जायज मांगों को स्वीकार करने के लिए मजबूर किया जाएगा। इस मौके पर नेताओं ने पावरकॉम की डिवीजन कुराली में तकनीकी और क्लेरिकल स्टाफ की भारी कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि डिवीजन कुराली को अस्तित्व में आए लगभग एक वर्ष का समय हो चुका है, लेकिन इस डिवीजन में कई पद खाली पड़े हैं। इस कारण



कार्यालय और फील्ड स्टाफ पर अतिरिक्त काम का बोझ लगातार बना हुआ है। आगूओं ने बताया कि संगठन की ओर से इस संबंध में पहले भी स्थानीय अधिकारी सीनियर कार्यकारी इंजीनियर को लिखित रूप में और व्यक्तिगत तौर पर मिलकर खाली पड़े पदों को भरने और स्टाफ की कमी को दूर करने की मांग की जा चुकी है। लेकिन एक वर्ष का समय बीत जाने के बावजूद स्टाफ की कमी की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है, जिसके कारण कर्मचारियों में काफी रोष पाया जा रहा है। संगठन ने मांग की कि नई भर्ती के माध्यम से खाली पड़े पदों को तुरंत भरा जाए और कर्मचारियों के हेडक्वार्टर करने तथा उन्हें अतिरिक्त काम का चार्ज देकर स्टाफ की कमी पूरी करने की प्रथा तुरंत बंद की जाए। नेताओं ने कहा कि स्टाफ की कमी का समाधान मौजूदा कर्मचारियों पर अतिरिक्त काम का बोझ डालकर नहीं, बल्कि जरूरत के अनुसार नई भर्ती करके किया जाना चाहिए। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले संबंधी संगठन को बैठक देकर कोई ठोस भरोसा या समस्या का समाधान नहीं किया जाता तो संगठन की ओर से मंडल कुराली स्तर पर तीखा संघर्ष शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्थानीय अधिकारियों और पावरकॉम की मैनेजमेंट की होगी। बैठक में खरड़ मंडल के प्रधान रणबीर सिंह, सर्किल नेता ऋषभ चिगल, वरिष्ठ उपप्रधान तरनजीत सिंह, नेता दीदार सिंह, जसविंदर सिंह, रणजीत सिंह, मैडम हरदीप कौर, लखवीर कौर, विशाल मेहता, हरप्रीत सिंह समेत अन्य नेता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

पंजाब में भ्रष्टाचार के मामले पर घमासान, हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी राज्य सरकार

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब में अधिकारियों के तबादले और तैनाती से लेकर टेंडर, लाइसेंस और अन्य सरकारी मंजूरियां दिलाने के नाम पर लेनदेन के आरोपों ने सियासी माहौल गरमा दिया है। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे जाने के बाद अब आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का फैसला किया है। पंजाब सरकार के अनुसार, वह हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख करेगी। सरकार का यह फैसला हाईकोर्ट की खंडपीठ द्वारा सीबीआई को मामले में प्राथमिकी दर्ज कर तत्काल जांच शुरू करने के निर्देश दिए जाने के कुछ घंटे बाद आया। अदालत ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया है। मुख्य न्यायाधीश अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति रोहित कपूर की खंडपीठ ने शनिवार सुबह न्यायालय में मामले पर अपना फैसला सुनाया।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 06-10-2026 16:32 Page 1

आवाज भारती फिल्मी तड़का



'उन्हें किसी और टेक की जरूरत नहीं पड़ती'

श्रेया सरन ने की 'दृश्यम 3' को-स्टार अजय देवगन की तारीफ

'दृश्यम' फ्रेंचाइजी में अजय देवगन ने विजय सालगांवकर के किरदार से दर्शकों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है। अब फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म 'दृश्यम- द कन्क्लूजन' को लेकर दर्शकों की नजरें अजय देवगन और पूरी स्टारकास्ट पर हैं। इसी बीच फिल्म में नंदिनी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री श्रेया सरन ने अजय देवगन के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने अभिनेता के डायलॉग बोलने के अंदाज और काम के प्रति उनके जुनून की जमकर तारीफ की। आईएएनएस से बातचीत में श्रेया सरन ने कहा, 'अजय अपनी आंखों के जरिए बहुत कुछ कह देते हैं। उनकी आंखों में एक अलग तरह की ताकत है, जो उनके किरदार की भावनाओं को बिना ज्यादा शब्दों के भी सामने ले आती है। उनका डायलॉग डिलीवरी का तरीका भी काफी अलग है। वह शानदार एक्टर हैं। श्रेया ने अजय देवगन की मेहनत और काम के प्रति अनुशासन की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'अजय अपने काम को लेकर काफी गंभीर रहते हैं और किसी सीन को बेहतर बनाने के लिए पूरी मेहनत करते हैं। उन्हें किसी और टेक की जरूरत नहीं पड़ती। उनके अंदर काम को लेकर काफी जुनून है।' अभिनेत्री ने फिल्म के निर्देशक अभिषेक पाठक की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'अभिषेक पाठक ने 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी की कहानी को लेकर काफी मेहनत की और स्क्रिप्ट पर लंबा समय दिया। वह कहानी के हर मोड़ और ट्विस्ट को ध्यान से समझते हैं, फिर उसे पर्दे पर सही तरीके से पेश करने की कोशिश करते हैं। श्रेया ने अपने किरदार नंदिनी को लेकर भी बात की और कहा, 'मैं नंदिनी को अच्छी तरह समझती हूं और जानती हूं कि यह किरदार किस तरह सोचता और महसूस करता है। हालांकि, कहानी में आने वाले कुछ बदलाव ऐसे थे, जिनकी मैंने भी उम्मीद नहीं की थी। 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी में श्रेया सरन ने अजय देवगन के किरदार विजय सालगांवकर की पत्नी नंदिनी की भूमिका निभाई है। विजय अपने परिवार को बचाने के लिए हर बार बेहद सोच-समझकर कदम उठाता है और मुश्किल हालात में भी ऐसा रास्ता खोजता है जिससे पुलिस और कानून की पकड़ से परिवार को बचाया जा सके। 'दृश्यम : द कन्क्लूजन' में अजय देवगन और श्रेया सरन के अलावा तब्बू, जयदीप अहलावत, रजत कपूर, प्रकाश राज, इशिता दत्ता और मृणाल जाधव जैसे कलाकार भी हैं। 'दृश्यमः द कन्क्लूजन' इसी नाम की मलयालम फिल्म का हिंदी रूपांतरण है। इस कहानी को तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषाओं में भी बनाया जा चुका है। हिंदी फ्रेंचाइजी की पिछली फिल्मों के बाद अब तीसरी फिल्म की कहानी को लेकर दर्शकों के बीच दिलचस्पी बनी हुई है। 'दृश्यमः द कन्क्लूजन' 2 अक्टूबर से सिनेमाघरों में उपलब्ध है।



संदीपा धर ने आतिश कपाड़िया को दिया कॉमेडी से परिचय कराने का श्रेय

मुंबई नेटफ्लिक्स की चुंबक अपने मजेदार किरदारों और हल्के-फुल्के हास्य के कारण दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। शो में संदीपा धर, किरण का किरदार निभा रही हैं, जो बाकी अजीबोगरीब किरदारों के बीच बेहद समझदार हैं। शो का हिस्सा बनने के बारे में बात करते हुए संदीपा ने कहा, एक दिन मुझे चुंबक के निर्देशक आतिश कपाि या का फोन आया और उन्होंने बताया कि वे नेटफ्लिक्स और जेडी के साथ मिलकर एक नया शो बना रहे हैं। ऐसे में उन्होंने मुझे इसके लिए टेस्ट देने को कहा। उनकी बात सुनकर पहले तो मैं हैरान रह गई कि कॉमेडी और मैं ? क्योंकि मैंने पहले कभी कॉमेडी नहीं की थी। लेकिन उनकी बात सुनकर मैंने हामी भर दी। संदीपा ने आगे बताया, इसके बाद जब मेरी मुलाकात आतिश कपाड़िया से हुई तो उन्होंने जिस अंदा में मुझे पूरी कहानी सुनाई, वो उससे भी ़यादा म`दार था। उन्होंने जिस तरह हर किरदार को खुद निभाकर दिखाया, मुझे ऐसा लग रहा था जैसे मैं कोई नाटक देख रही हूं। उसी समय मैंने तय कर लिया कि मुझे इस शो का हिस्सा बनना ही है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए संदीपा धर ने कहा, किरण का किरदार निभाना मेरे लिए बिलकुल आसान नहीं था, क्योंकि वह शो की सबसे समझदार इंसान है। उसे अपने एक्शन से ही कॉमडी करना था, लेकिन साथ ही इस बात का ख्याल भी रखना था कि उसके एक्शंस बनावटी न लगें। हालांकि इस बारे में मैंने आतिश से काफी चर्चा भी की थी। संदीपा की माने तो आतिश कपाड़िया की कहानी सुनाने की शैली और किरदारों को जीवंत करने की उनकी कला ने ही उन्हें चुंबक से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। यही नहीं किरण के रूप में उनका संतुलित और सहज अभिनय शो की खासियत बनकर उभरा है और दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है।

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर रिलीज,

एकतरफा प्यार बनेगा खतरनाक जुनून

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की अपकमिंग फिल्म %तू है मेरी किरण% का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में एकतरफा प्यार और जुनून की कहानी को सस्पेंस और थ्रिल के साथ पेश किया गया है। कहानी में कई ऐसे मोड़ आते हैं, जो दर्शकों को लगातार सोचने पर मजबूर करते हैं कि आखिर पर्दे के पीछे चल क्या रहा है। 'तू है मेरी किरण' ट्रेलर में सोनाक्षी और जहीर के किरदारों के अलग-अलग रंग देखने को मिलते हैं। मेकर्स ने कहानी के बड़े राज को अभी पर्दे के पीछे ही रखा है। विशाल राणा और इशेलॉन प्रोडक्शंस द्वारा प्रोड्यूस की गई इस फिल्म का निर्देशन करण रावल ने किया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि सोनाक्षी सिन्हा किरण नाम की लड़की के किरदार में हैं, जिसे जहीर इकबाल का किरदार बेइंतहा प्यार करता है। वह उसे अपना बनाना चाहता है। इसके लिए वह किरण पर दबाव बनाता है। फिल्म में अपने किरदार को लेकर सोनाक्षी सिन्हा ने कहा, 'तू है मेरी किरण' मेरे लिए बिल्कुल अलग तरह की फिल्म है और इसी वजह से यह मेरे लिए काफी रोमांचक रही। मुझे सबसे ज्यादा फिल्म की वह दुनिया पसंद आई, जहां एक सामान्य-सी भावना धीरे-धीरे कुछ ज्यादा गहरी और खतरनाक बन जाती है। मेरे किरदार का सफर काफी असामान्य है और उसमें कई परतें हैं, जिन्हें निभाना काफी दिलचस्प रहा।' सोनाक्षी ने कहा, 'फिल्म दर्शकों को लगातार बांधे रखती है और स्क्रीन पर दिखाई जा रही घटनाओं की सच्चाई पर सवाल खड़े करती है। मैं चाहती हूं कि दर्शक इस दुनिया का हिस्सा बनें और सिनेमाघरों में 'तू है मेरी किरण' के अनुभव को महसूस करें।' वहीं, जहीर इकबाल ने फिल्म को अपने लिए बेहद खास बताया और कहा, 'कहानी में एकतरफा प्यार को जिस तरह दिखाया गया है, वही चीज मुझे सबसे



ज्यादा आकर्षित करती है। एक ऐसी भावना जो शुरुआत में बेहद गहरी लगती है और आगे चलकर किस तरह एक मोड़ लेती है, फिल्म इसी पहलू को सामने लाती है। फिल्म में रहस्य और सस्पेंस लगातार बना रहता है और दर्शक यह जानने की कोशिश करेंगे कि असल में कहानी की सतह के नीचे क्या छिपा है। अपने किरदार की अलग-अलग परतों को समझने और उन्हें पर्दे पर उतारने का अनुभव खास रहा।' उन्होंने सोनाक्षी के साथ काम करने को भी अपने लिए खास बताया। 'तू है मेरी किरण' फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

शेखर सुमन के शो में दिए बयान पर संजय दत्त ने दी सफाई, बोले- स्क्रिप्टेड था, मेरी व्यक्तिगत सोच नहीं



अभिनेता संजय दत्त ने शेखर सुमन के शो 'शेखर टुनाइट' में दिए अपने हालिया बयान को लेकर सफाई दी है। संजय दत्त ने एक वीडियो जारी कर कहा कि शो में उनकी ओर से कही गई बातें एक स्क्रिप्टेड सेगमेंट और परफॉर्मेंस का हिस्सा थीं। उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति, समुदाय या संस्था की भावनाओं को ठेस पहुंचाना या उनका अनादर करना नहीं था। संजय दत्त ने कहा, 'सोशल मीडिया पर कई लोगों ने हाल में शेखर सुमन के शो में मेरे द्वारा कही गई कुछ बातों को लेकर मुझसे संपर्क किया। कुछ लोगों ने कहा कि वो मेरी बातों से हैरान हैं। वहीं, कई लोगों ने उनकी बातों पर असहमति भी जताई। मैं उनकी भावनाओं को पूरी तरह से समझता हूं और इस बारे में एक बात स्पष्ट करना चाहता हूं।' उन्होंने आगे कहा कि शो के दौरान उन्होंने जो कुछ भी कहा, वह एक स्क्रिप्टेड सेगमेंट का हिस्सा था, जैसा कि अक्सर इस तरह के टीवी शो में होता है। संजय दत्त के मुताबिक, 'हम एक स्क्रिप्ट के अनुसार अभिनय कर रहे थे। उसी दौरान कही गई कई बातें उसी परफॉर्मेंस और उसके कॉन्टेक्स्ट का हिस्सा थीं। वो किसी भी तरह से सिर्फ मेरे व्यक्तिगत विचार, मेरी सोच या मेरी भावनाएं नहीं थीं।' अभिनेता ने अपने दोस्तों और शुभचिंतकों के विश्वास और स्नेह की कद्र करने की बात भी कही। उन्होंने कहा, 'मैं कभी नहीं चाहूंगा कि किसी स्क्रिप्टेड परफॉर्मेंस की वजह से मेरे वास्तविक विचारों को लेकर कोई गलतफहमी पैदा हो। मुझे उम्मीद है कि इससे पूरी बात सही संदर्भ में स्पष्ट हो जाएगी। **जय हिंद, जय भारत।'**

विनोद खन्ना की जयंती पर भावुक हुए जैकी श्रॉफ, पुरानी तस्वीरें शेयर कर बोले- 'हमेशा दिलों में रहेंगे'

बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ ने दिवंगत अभिनेता विनोद खन्ना को उनकी 80वीं जयंती पर याद किया। उन्होंने विनोद खन्ना के साथ बिताए पुराने दौर की यादें साझा की। विनोद खन्ना का जन्म 6 अक्टूबर 1946 को हुआ था। जैकी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर विनोद खन्ना की कई पुरानी तस्वीरों से बना एक फोटो मोंटाज शेयर किया। इसमें अभिनेता के करियर के अलग-अलग दौर की तस्वीरें शामिल हैं। कुछ तस्वीरों में विनोद खन्ना अपने शुरुआती दिनों के खास लुक में नजर आ रहे हैं, जबकि कुछ तस्वीरें उनके फिल्मी सफर के यादगार पलों की हैं। इन तस्वीरों के साथ जैकी श्रॉफ ने लिखा, 'विनोद खन्ना को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं! वह हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे।' जैकी ने इस पोस्ट पर किशोर कुमार का मशहूर गाने 'मुस्कुराता हुआ...' को बैकग्राउंड म्यूजिक के तौर पर इस्तेमाल किया। विनोद खन्ना हिंदी सिनेमा के सबसे लोकप्रिय और सम्मानित अभिनेताओं में गिने जाते हैं। उन्होंने साल 1968 में सुनील दत्त की फिल्म 'मन का मीत' से अभिनय की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उन्होंने नकारात्मक भूमिका निभाई थी। इसके बाद साल 1971 में गुलजार की फिल्म 'मेरे अपने' में श्याम के किरदार ने विनोद खन्ना को अलग पहचान दिलाई। इस फिल्म में उनके अभिनय को काफी पसंद किया गया और इसके बाद उन्होंने बतौर लीड एक्टर अपनी जगह मजबूत कर ली। उन्होंने आगे हम तुम और वो, मेरा गांव मेरा देश, इम्तिहान, इंकार, अमर अकबर एंथनी, मुकद्दर का सिकंदर, कुर्बानी, दयावान और जुर्म जैसी फिल्मों में काम किया। विनोद खन्ना और अमिताभ बच्चन की जोड़ी भी हिंदी सिनेमा की यादगार जोड़ियों में शामिल रही। दोनों ने साथ में अमर अकबर एंथनी, हेरा फेरी, खून पसीना और मुकद्दर का सिकंदर जैसी फिल्मों में काम किया। इन फिल्मों में दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया। अपने करियर के शिखर पर पहुंचने के बाद विनोद खन्ना ने साल 1982 में अचानक फिल्मों से दूरी बनाने का फैसला लिया। उन्होंने अपने आध्यात्मिक गुरु ओशो रजनीश का अनुसरण करने के लिए बॉलीवुड से ब्रेक लिया और कई साल तक फिल्म इंडस्ट्री से दूर रहे। उनका यह फैसला उस समय पूरी फिल्म इंडस्ट्री के लिए काफी चौंकाने वाला था। विनोद खन्ना ने सिर्फ फिल्मों तक ही खुद को सीमित नहीं रखा। उन्होंने राजनीति में भी कदम रखा और यहां भी अपनी पहचान बनाई। उन्होंने सांसद के तौर पर जिम्मेदारी निभाई।



27 अप्रैल 2017 को मुंबई में विनोद खन्ना का निधन हो गया। वह 70 साल के थे और लंबे समय से ब्लैडर कैंसर से जूझ रहे थे। उनके निधन से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई थी। विनोद खन्ना के परिवार में उनकी पत्नी कविता खन्ना और चार बच्चे हैं। उनके बेटों में राहुल खन्ना, अक्षय खन्ना और साक्षी खन्ना शामिल हैं, जबकि उनकी बेटी का नाम श्रद्धा खन्ना है। इससे पहले विनोद खन्ना की शादी गीतांजलि से हुई थी, जिनसे उनके दो बेटे राहुल और अक्षय हुए।

CMYK

page 7_Layout 1 06-10-2026 20:19 Page 1

ओमान तट के पास कमर्शियल जहाज पर हमला

11 भारतीय नाविक घायल-विदेश मंत्रालय

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली,। भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे कमर्शियल जहाज पर हमले की जानकारी दी है। एमईए ने बयान जारी कर बताया कि ओमान तट के पास होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे पनामा के झंडे वाले जहाज %एमटी ऑन पीस% (आईएमओ 9893204) पर मंगलवार को हमला किया गया। जहाज पर सवार 19 सदस्यीय चालक दल में 17 भारतीय नागरिक थे, जिनमें से कुल 12 घायल हो गए। इनमें से 11 भारतीय नाविक थे। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, ÷होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय जहाज पर एक प्रोजेक्टाइल आकर लगा। हमले में 12 चालक दल के सदस्य घायल हुए, जिनमें 11 भारतीय नागरिक हैं।÷ इसमें आगे बताया गया कि ओमानी अधिकारियों की सहायता से सभी घायल चालक दल के सदस्यों को जहाज से निकालकर सुरक्षित रूप से ओमान के खासाब ले जाया गया, जहां उन्हें चिकित्सा उपचार दिया जा रहा है। भारत ने इस दौरान मदद के लिए ओमानी अधिकारियों का आभार जताया है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में जहाजों पर हमलों की लगातार हो रही घटनाएं भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। भारत ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता के हित में ऐसे हमलों को तत्काल रोकने की अपनी अपील दोहराई। बयान में कहा गया, क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों, नाविकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाए जाने का सिलसिला समाप्त होना चाहिए। साथ ही अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों के जरिए नौवहन और व्यापार को जल्द से जल्द बहाल किया जाना जरूरी है। होर्मुज वैश्विक समुद्री व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। यहां जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने से न केवल क्षेत्रीय सुरक्षा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है। भारत ने स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों में सुरक्षित नौवहन और निर्बाध वाणिज्यिक गतिविधियां सुनिश्चित किया जाना क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए जरूरी है।

ईसी के विरोध-प्रदर्शन के दौरान प्रियंका के साथ राहुल गांधी को हिरासत में लिया गया

डेली आवाज भारती

मंगलवार/दीपांशु पांडे : को नई दिल्ली में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पुलिस बैरिकेड पार किया, जब सुरक्षा बलों ने भारत निर्वाचन आयोग (ECI) मुख्यालय की ओर जा रहे विपक्षी मार्च को रोक दिया। यह घटना तब हुई जब पुलिस ने नीति आयोग के पास संसद मार्ग पर 'इंडिया' (INDIA) गठबंधन के सांसदों - जिनमें राहुल गांधी और उनकी बहन, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल थीं - को रोक दिया। काफी देर तक चले तनावपूर्ण गतिरोध के बाद, पुलिस ने दोनों नेताओं और विपक्ष के कई अन्य सांसदों को कुछ देर के लिए हिरासत में ले लिया। जब पुलिस ने कई परतों वाले बैरिकेड लगाकर मार्च को रोका, तो राहुल गांधी एक बैरिकेड पर चढ़ गए और तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी और अन्य सांसदों के साथ भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद विपक्षी नेताओं ने सड़क पर धरना दिया; उनके हाथों में 'लोकतंत्र बचाओ'के पोस्टर थे और वे मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगा रहे थे।



कुछ देर हिरासत में रखने के बाद, विपक्षी नेताओं को रिहा कर दिया गया और ECI मुख्यालय के पास आकाशवाणी भवन के निकट ले जाया गया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक संदेश पोस्ट करके चुनाव प्रमुख के इस्तीफे की मांग की। यह विरोध प्रदर्शन ECI द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (SIR) को लेकर हो रहा है। विपक्ष ने आयोग पर प्रक्रिया में अनियमितताओं और मतदाता पंजीकरण फॉर्म में बदलाव करने का आरोप लगाया है, और दावा किया है कि असली मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किया जा रहा है। ECI और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा है कि इस संशोधन का उद्देश्य डुप्लिकेट और फर्जी प्रविष्टियों को हटाना है। यह विवाद भारत के सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंच गया है। सोमवार को, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्ढ्ढक्र प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार, ECI और CEC ज्ञानेश कुमार को नोटिस जारी किए; हालांकि, शीर्ष अदालत ने पूरी जांच-पड़ताल किए बिना CEC के खिलाफ अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। प्रोटेस्ट में बहुत बवाल हुआ और राहुल गांधी के साथ प्रियंका गांधी को भी हिरासत में लिया गया तथा इस आंदोलन में कई भाजपा विपक्षी नेता भी नजर आए पुलिस द्वारा उन पर भी कार्रवाई की गई और हिरासत में लिया गया ।

सीईसी ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें, नहीं तो पूरा देश बनेगा जंतर-मंतर : अभिजीत दिपके

डेली आवाज भारती

छत्रपति संभाजीनगर। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके ने 10 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को लेकर कहा है कि उन्हें गिरफ्तार किए जाने की आशंका है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी गिरफ्तारी के बावजूद आंदोलन नहीं रुकेगा। छत्रपति संभाजीनगर में प्रेस वार्ता के दौरान अभिजीत दिपके ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अगर दिल्ली पुलिस उन्हें रोकने की कोशिश करे तो वे महात्मा गांधी को याद करें और जहां पुलिस उन्हें रोके, वहीं उस जगह को जंतर-मंतर बना दें। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से 'रघुपति राघव राजा राम' का जाप करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन जारी रखने की अपील की। उन्होंने दावा किया कि 10 अक्टूबर के प्रस्तावित प्रदर्शन से सरकार डर गई है लेकिन जेल का डर दिखाकर आंदोलनकारियों को चुप नहीं कराया



जा सकता। उन्होंने कहा कि मुझे गिरफ्तार कर लो, एनएसए लगा दो लेकिन हम लड़ते रहेंगे। दिपके ने दिल्ली पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए। अगर ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं हुआ तो पूरा देश जंतर-मंतर बन जाएगा। अभिजीत दिपके ने कहा कि आंदोलन की तीन प्रमुख मांगें हैं- ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग और उनके खिलाफ आपराधिक मामला चलना चाहिए, एसआईआर की प्रक्रिया को फ्रीज की जानी चाहिए और चुनाव आयोग में सुधार और नियुक्तियों की प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं तटस्थ बनाया जाना चाहिए। प्रेस वार्ता के दौरान दिपके ने दावा किया कि महाराष्ट्र से अब तक दो लोगों को नोटिस मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी उनके एक वॉलंटियर मुकेश को नोटिस मिला है और आने वाले दिनों में अन्य लोगों को भी नोटिस दिए जा सकते हैं। सरकार 10 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाले मार्च से डर रही है। दिपके ने यह भी दावा किया कि भारत में इंस्टाग्राम समेत सोशल मीडिया पर सीजेपी से जुड़े कंटेंट पर रोक लगाई गई है। दिपके ने कहा कि वह पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र पुलिस की तारीफ कर रहे थे क्योंकि मुंबई में उनके विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने सहयोग किया था। उन्होंने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की तुलना महाराष्ट्र पुलिस से करते हुए कहा कि महाराष्ट्र पुलिस देश की बेहतर पुलिस फोर्स में से एक है। हालांकि, सीजेपी वॉलंटियर्स को मिले कथित नोटिस का जिक्र करते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि महाराष्ट्र के चंद्रपुर से लोग दिल्ली कैसे जा रहे हैं और उनके सफर का खर्च कहां से आ रहा है, इसकी जानकारी क्यों मांगी जा रही है।

मताधिकार और संविधान की रक्षा के लिए हरियाणा में चरणबद्ध तरीके से चलेगा व्यापक जनसंपर्क अभियान : राव नरेंद्र सिंह

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा देशभर में चलाए जाने वाले दो माह के 'वोट बचाओ्रदेश बचाओ' जन आंदोलन अभियान की आगामी रणनीति को लेकर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारियों एवं प्रदेश अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी प्रदेशों के संगठनात्मक नेतृत्व के साथ विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए अभियान के आगामी चरणों की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी संजय दत्त एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने भी शिरकत की। बैठक में तय किया गया कि मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं, लोकतांत्रिक संस्थाओं की जवाबदेही तथा संविधान और मताधिकार की रक्षा के मुद्दे को लेकर कांग्रेस देशभर में व्यापक जनसंपर्क एवं जनआंदोलन



खड़ा करेगी। संजय दत्त ने कहा कि कांग्रेस का यह अभियान केवल किसी राजनीतिक दल के खिलाफ संघर्ष नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के मताधिकार और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का आंदोलन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अब इस अभियान को गांव, शहर, ब्लॉक और बूथ स्तर तक लेकर जाएंगे तथा जनता को मतदाता सूची और उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगे।

उन्होंने कहा कि 10 से 20 अक्टूबर तक ब्लॉक स्तर पर जन पदयात्राएं, साइकिल रैलियां और बाइक रैलियां आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आम लोगों को संविधान के अनुच्छेद 326 और वयस्क मताधिकार के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके बाद 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक 'वोट बचाओ्रदेश बचाओ चौपाल' के माध्यम से गांव-गांव और बूथ स्तर तक व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। संजय दत्त ने कहा कि कांग्रेस के BLA और जमीनी कार्यकर्ता 'वोट रक्षक' के रूप में प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूचियों का सत्यापन करेंगे और जिन नागरिकों के नाम गलत तरीके से हटाए गए हैं या जिनके नामों में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है, उनकी जानकारी एकत्रित कर संगठन के स्तर पर उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य प्रत्येक वास्तविक मतदाता के अधिकार की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित मेगा राष्ट्रीय रैली में हरियाणा से कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इसके बाद संविधान दिवस के अवसर पर 25 और 26 नवंबर को 'दिल्ली चलो' अभियान के तहत देशभर से कांग्रेस कार्यकर्ता राष्ट्रीय राजधानी पहुंचेंगे। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता का वोट है और यदि किसी नागरिक के वोट के अधिकार पर चोट होती है तो यह सीधे संविधान की मूल भावना पर प्रहार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 8 अक्टूबर को हरियाणा में 'वोट बचाओ्रदेश बचाओ ' अभियान को गांव से लेकर बूथ तक एक व्यापक जनआंदोलन का रूप देगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा कांग्रेस की सभी जिला और ब्लॉक इकाइयों को अभियान के प्रत्येक चरण की तैयारियां तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए जाएंगे।

जिला स्तर पर वरिष्ठ नेताओं की जिम्मेदारियां तय की जाएंगी, ब्लॉक अध्यक्षों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठकें होंगी तथा BLA-1 और BLA-2 के माध्यम से बूथ स्तर पर मतदाता सूचियों की पड़ताल और जनसंपर्क को प्राथमिकता दी जाएगी। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि 'वोट बचाओ्रदेश बचाओ चौपाल' के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ता गांवों में आम नागरिकों, बुजुर्गों, पंचायत प्रतिनिधियों और प्रभावित मतदाताओं से सीधे संवाद करेंगे।

कैबिनेट ने एकीकृत परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स प्राधिकरण को मंजूरी दी

मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग को मिलेगा बढ़ावा

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को एकीकृत परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स प्राधिकरण (आईटीएलए) की स्थापना को मंजूरी दे दी। यह एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) होगा, जो परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में एकीकृत योजना, अनुसंधान, परियोजना मूल्यांकन और निगरानी का काम करेगा। इस फैसले का उद्देश्य विभिन्न परिवहन मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच बिखरी हुई योजना और क्रियान्वयन के कारण लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान करना है। सरकार की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने परिवहन और लॉजिस्टिक्स के व्यापक क्षेत्रों में अनुसंधान, योजना, मूल्यांकन, निगरानी और प्रभाव आकलन को मजबूत करने के लिए आईटीएलए नामक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) की स्थापना को मंजूरी दी। सरकार का मानना है कि बेहतर समन्वय



और मल्टीमॉडल एकीकरण से देशभर में बुनियादी ढांचे के विकास की दक्षता, स्थिरता और प्रभावशीलता बढ़ेगी। आईटीएलए परिवहन और लॉजिस्टिक्स प्लानिंग के लिए राष्ट्रीय स्तर की शीर्ष संस्था के रूप में काम करेगी। यह नीतिगत सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ अनुसंधान करेगी, परियोजनाओं का मूल्यांकन करेगी, क्रियान्वयन की निगरानी करेगी और क्षेत्र में निर्णय लेने में सहायता के लिए डेटा एनालिटिक्स का इस्तेमाल करेगी। प्राधिकरण की एक प्रमुख जिम्मेदारी व्यापक राष्ट्रीय परिवहन मास्टर प्लान तैयार करना होगी, जिसकी योजना अवधि 10 वर्ष या उससे अधिक होगी। इस योजना में परिवहन के प्रमुख साधनों को शामिल किया जाएगा, जिनमें सड़क, रेलवे, बंदरगाह और शिपिंग, नागरिक उड्डयन, अंतर्देशीय जलमार्ग, तटीय शिपिंग, शहरी परिवहन और लॉजिस्टिक्स शामिल हैं। प्राधिकरण विभिन्न परिवहन मंत्रालयों द्वारा तैयार की गई अल्पकालिक क्षेत्रीय योजनाओं और वार्षिक योजनाओं की भी समीक्षा करेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे दीर्घकालिक राष्ट्रीय रणनीति के अनुरूप हों। इससे देशभर में एकीकृत और मल्टीमॉडल परिवहन बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अपने दायित्व के तहत आईटीएलए केंद्र सरकार की 500 करोड़ रुपए या उससे अधिक की अनुमानित लागत वाली परिवहन और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का तकनीकी मूल्यांकन करेगी। ऐसी परियोजनाओं का वित्तीय मूल्यांकन मौजूदा मूल्यांकन तंत्र के माध्यम से ही किया जाता रहेगा। प्राधिकरण 500 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के क्रियान्वयन की भी निगरानी करेगा और परियोजनाओं के दौरान सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए एक समन्वित मंच उपलब्ध कराएगा।

सुप्रीम कोर्ट के नोटिस के बाद प्रदर्शन की क्या जरूरत, क्या विपक्ष सुप्रीम कोर्ट पर दबाव बनाना चाहता है : अनिल विज

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष द्वारा किए प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय ने कल इस पर संज्ञान लिया है और नोटिस भी जारी किया है, अगर विपक्ष के लोग देश की कानून व्यवस्था में विश्वास रखते हैं तो उसके बाद किसी प्रकार के प्रदर्शन की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। विज ने नसीहत देते हुए कहा कि इन सभी को उच्चतम न्यायालय पर विश्वास करना चाहिए क्योंकि उच्चतम न्यायालय सभी पक्षों को सुनने के बाद ठीक निर्णय लेगी। विज ने सवाल खडा करते हुए कहा कि इस प्रकार का प्रदर्शन करके यह लोग किस पर दबाव बनाना चाहते हैं। क्या यह सुप्रीम कोर्ट पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो कि अनुचित है। इनको सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए और उसके बाद प्रजातंत्र में जो भी जिसकी राजनीति है वो करे, उसका एतराज नहीं है। लेकिन कम से कम सुप्रीम कोर्ट का



सम्मान करना, आदर करना, उसके फैसले को मानना इस देश के हर नागरिक, हर पार्टी का काम है।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने आरोप लगाए कि अगर चुनाव में भूपेंद्र हुड्डा को चेहरा न बनते तो चुनाव जीत जाते हैं जिस पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस नाम की किसी चिड़िया का घौंसला नहीं है, ये अलग-अलग टुकड़े हैं। हरियाणा के मजदूर, किसान, व्यापारी, युवा बुजुर्ग सभी ने लगातार इनको तीन बार हरवा कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर सिद्ध कर दिया कि ये किसी काम के नहीं है, ये निजी स्वार्थों के कारण कभी पास आ जाते है तो कभी दूर चले जाते हैं। कांग्रेस नाम की तो हरियाणा में कोई पार्टी नहीं है।

वहीं, कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा भाजपा सरकार को किसान विरोध बताने पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने पलटवार करते हुए कहा कि हरियाणा का किसान पूरी तरह से सरकार के साथ है और तीन बार लगातार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर उसने सिद्ध कर दिया है कि वो सरकार की नीतियों से सहमत है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि वह इन नेताओं से कहना चाहते हैं कि कम से कम प्रजातंत्र में जनमत का जो विश्वास है जनमत का जो फैसला है उसका तो ये स्वागत करना सीख लें।

आबकारी आयुक्त के निर्देशन में अवैध मदिरा पर कार्रवाई

स्प्रिट जब्त, वॉश एवं भट्टियां नष्ट

डेली आवाज भारती

जयपुर। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही जारी है। पंचायती राज चुनावों की आचार संहिता के तहत उदयपुर के आबकारी थाना क्षेत्र मावली के ग्राम बे ोदिया में एक फार्म हाउस पर दबिश देकर 125 लीटर स्प्रिट 200 लीटर के ड्रम में बरामद किया गया। आबकारी एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। उक्त कार्रवाई आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत के सुपरविजन में की गई। इसी प्रकार जयपुर ग्रामीण चाकसू द्वारा देवगांव, बागरिया व सीतापुर में दबिश देकर



10 हजार लीटर वॉश सहित 10 मदिरा भट्टियां नष्ट की गई। फुलेरा थाना क्षेत्र में किंगफिशर बीयर के 20 केन 500 एमएल जब्त कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पाली जिले में आबकारी निरीक्षक सोजत ने रेलवे पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में 36 बोतल अंग्रेजी मदिरा फोर सेल इन पंजाब जब्त करते हुए अभियोग दर्ज किया। सिरोही में आबकारी थाना आबूरो द्वारा 2400 लीटर वॉश सहित एक मदिरा भट्टी नष्ट कर मौके से 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। प्रदेश के समस्त जिलों में भी गश्त, नाकाबंदी व दबिश दी जा रही है। समस्त अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, आबकारी उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं आबकारी निरोधक दल द्वारा अवैध मदिरा के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जा रही है।

चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी का बड़ा शक्ति प्रदर्शन

सेक्टर-29 में हुई विशाल बैठक, तरसेम मित्तल के नेतृत्व में मोहम्मद विशाल समेत कई प्रमुख चेहरे आप में शामिल

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर चंडीगढ़ में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में आज आम आदमी पार्टी (क्र) ने वार्ड नंबर 10 (सेक्टर 27, 28 और 29) के तहत आने वाले सेक्टर-29 स्थित बल शिव मंदिर के पास एक विशाल जनसभा और संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को पार्टी के मजबूत शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें क्षेत्र की महिलाओं, युवाओं और स्थानीय निवासियों ने भारी संख्या में भाग लिया। यह बैठक वार्ड-10 से %आप% प्रत्याशी तरसेम मित्तल की अगुवाई में आयोजित की गई। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं–शादाब राठी, अजीत सिंह, पुनीत छाबरा, विक्रांत तंवर और धीरज–ने विशेष रूप से शिरकत की। सभी वरिष्ठ नेताओं ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वार्ड और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर बल दिया और आगामी चुनाव में चंडीगढ़ के



- विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां 'आप' में शामिल
- बुनियादी मुद्दों पर निगम को घेराः

विकास के लिए जनता से बदलाव के पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी दी गई कि पार्टी की जनहितैषी नीतियों और अरविंद केजरीवाल की विचारधारा से प्रभावित होकर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में मोहम्मद विशाल ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी का दामन थामा। इसके साथ ही हरियाणा सरकार से सेवानिवृत्त अजमेर सिंह, तजिंदर सिंह, भीमा जी, योगेश तलवार, सन्नी, एडवोकेट मोहम्मद अफजल, मानसी और माधुरी ने भी औपचारिक रूप से %आप% की सदस्यता ग्रहण की। क्षेत्र के 8 प्रमुख युवाओं ने भी मंच पर आकर पार्टी को अपना पूरा समर्थन देने का ऐलान किया। सभी नए सदस्यों का पार्टी नेतृत्व द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बैठक के दौरान स्थानीय निवासियों ने नगर निगम के लचर कामकाज को लेकर नाराजगी जताई। कार्यक्रम में पानी की किल्लत, बिजली की अघोषित कटौती, सफाई व्यवस्था की बदहाली और वार्ड के रुके हुए विकास कार्यों जैसे स्थानीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था इन बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में पूरी तरह नाकाम रही है।

समस्याओं का प्राथमिकता से होगा समाधान : तरसेम मित्तल

जनसभा को संबोधित करते हुए 'आप' प्रत्याशी तरसेम मित्तल ने वार्डवासियों को भरोसा दिलाते हुए कहा, फ्यदि क्षेत्र की जनता हमें सेवा का मौका देती है, तो वार्ड नंबर 10 की हर एक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। पानी, बिजली और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करना हमारी पहली जिम्मेदारी होगी। हम जनता से किए गए सभी वादों को हर हाल में पूरा करेंगे और मैं हमेशा एक सेवक की तरह आपके बीच रहकर काम करूँगा। इस सफल आयोजन और भारी जनसमर्थन से स्पष्ट है कि वार्ड नंबर 10 में आम आदमी पार्टी ने चुनाव प्रचार में बड़ी बढ़त बना ली है और कार्यकर्ताओं का मनोबल सातवें आसमान पर है।

CMYK

page 8_Layout 1 06-10-2026 21:28 Page 1

महाराष्ट्र के किसानों के समर्थन में डकौंदा किसान संगठन का मेघराज गोयल एंड संज फैक्ट्री के बाहर धरना छठे दिन भी जारी

सात किसानों से कथित 60 लाख धोखाधड़ी का आरोप, मुआवजे की मांग को लेकर फैक्ट्री की घेराबंदी जारी रखने का ऐलान

डेली आवाज भारती

बरनाला/गोपाल: महाराष्ट्र के किसानों के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन डकौंदा, जिला बरनाला की ओर से खुड्डी कलां के समीप सोलां के मठ रोड पर स्थित मेघराज गोयल एंड संज फैक्ट्री (विकास गोयल प्रधान इंडस्ट्री चेंबर बरनाला) के बाहर शुरू किया गया विरोध प्रदर्शन मंगलवार को छठे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन डकौंदा, जिला बरनाला के अध्यक्ष दर्शन सिंह उगोके ने किया। जिला महासचिव सिकंदर सिंह भूरे ने आरोप लगाया कि उक्त फैक्ट्री के मालिकों द्वारा महाराष्ट्र के सात किसानों से करीब 60 लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी की गई है। उन्होंने बताया कि किसानों ने फैक्ट्री से मक्की की फसल काटने वाली मशीनें खरीदी थीं, लेकिन मशीनें जल्द ही खराब हो गईं। किसानों का



आरोप है कि इसके बाद फैक्ट्री मालिकों ने न तो मशीनें बदलकर दीं और न ही उनकी रकम वापस की। किसान संगठन के अनुसार, इस मामले के चलते महाराष्ट्र के संबंधित किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा और उनकी मक्की की तीन फसल के सीजन प्रभावित हुए। आर्थिक संकट के कारण किसानों के ट्रैक्टर भी बैंक द्वारा ऋण की अदायगी न होने पर जब्त किए जाने की बात कही गई है।

किसानों के समर्थन में संघर्ष जारी रखने का ऐलान

भारतीय किसान यूनियन डकौंदा के जिला नेताओं ने कहा कि संगठन ने महाराष्ट्र के इन सात किसानों का साथ देने का फैसला किया है और जब तक उन्हें उनका कथित बकाया पैसा या उचित मुआवजा नहीं मिलता, तब तक संघर्ष जारी रखा जाएगा। संगठन ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री कथित तौर पर नियमों के विपरीत चल रही है और कृषि विभाग की ओर से इसके खिलाफ लिखित शिकायत भी दर्ज करवाई गई है। किसान नेताओं ने दावा किया कि इसके बावजूद पुलिस प्रशासन की ओर से अभी तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। किसान नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि फैक्ट्री मालिकों को राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर संरक्षण प्राप्त है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। किसान संगठन ने घोषणा की कि महाराष्ट्र के किसानों को न्याय और मुआवजा दिलाने के लिए फैक्ट्री की घेराबंदी जारी रखी जाएगी। संघर्ष की अगली रणनीति तय करने के लिए 8 अक्टूबर को जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें आगे के आंदोलन को लेकर फैसला लिया जाएगा। मामले के संबंध में किसान संगठन का कहना है कि उक्त फैक्ट्री कृषि क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाली कटाई की मशीनें तैयार करती है। महाराष्ट्र के सात किसानों ने फैक्ट्री से मक्की काटने वाली मशीनें खरीदी थीं। किसानों के अनुसार, मशीनें खरीदने के कुछ समय बाद ही खराब हो गईं।

मिलावट के खिलाफ फूड सेफ्टी टीम का शिकंजा

डेहलो में 175 किलो संदिग्ध पनीर नष्ट'

डेली आवाज भारती

लुधियाना/रवीश कपूर। लुधियाना जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती तेज कर दी है। इसी अभियान के तहत मंगलवार को डेहलो में लगाए गए विशेष नाके के दौरान फूड सेफ्टी टीम ने तीन संदिग्ध वाहनों को रोककर खाद्य पदार्थों की जांच की। कार्रवाई के दौरान 175 किलोग्राम पनीर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया, जबकि पनीर, देसी घी और व्हाइट बटर के सैंपल जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष चावला ने बताया कि विशेष चेकिंग के दौरान टीम ने वाहनों में ले जाए जा रहे खाद्य उत्पादों की निर्धारित प्रक्रिया के तहत जांच की। संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि लैब रिपोर्ट में खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान 175 किलो पनीर को मौके पर ही नष्ट किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इसका उद्देश्य संदिग्ध अथवा संभावित रूप से असुरक्षित खाद्य पदार्थ को बाजार और उपभोक्ताओं तक पहुंचने से रोकना था। पनीर का निपटारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया गया।



उपभोक्ताओं से भी सतर्क रहने की अपील

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से खाद्य पदार्थ खरीदते समय पैकेजिंग, लेबल, निर्माण तिथि और एक्सपायरी/बेस्ट-बिफोर डेट की जांच करने की अपील की है। किसी खाद्य पदार्थ में मिलावट या गुणवत्ता को लेकर संदेह होने पर संबंधित फूड सेफ्टी अधिकारियों को सूचना देने को कहा गया है। विभाग ने दोहराया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम एवं संबंधित नियमों के तहत खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

एशियन गेम्स में गोल्ड जीतकर लौटे हॉकी स्टार सुखजीत सिंह, जालंधर में ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी से जोरदार स्वागत

- जालंधर पहुंचते ही परिवार और प्रशंसकों ने स्वागत में बिछाईं आंखें

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिन: एशियन गेम्स 2026 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को गोल्ड मेडल दिलाने वाले जालंधर के हॉकी खिलाड़ी सुखजीत सिंह अपने घर पहुंचे। उनके घर पहुंचते ही पूरा माहौल जश्न में बदल गया। परिवार और प्रशंसकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनके स्वागत में आंखें बिछाईं और जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई। गोल्ड मेडल जीतकर लौटे सुखजीत सिंह की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सुखजीत सिंह जल्द ही गुरुद्वारा साहिब में नतमस्तक होकर वाहेगुरु का शुक्राना करेंगे। अब टीम की



नजर 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक की तैयारियों पर है। सुखजीत सिंह आगे टीम के साथ अभ्यास और तैयारियों में जुटेंगे। सुखजीत सिंह ने एशियन गेम्स में लगातार दूसरी बार गोल्ड मेडल जीतने पर खुशी जताई। भारतीय टीम के लिए यह गर्व का पल है और इस उपलब्धि के पीछे पूरी टीम की मेहनत है। इस कामयाबी के लिए परिवार और प्रशंसकों का शुक्रिया। परिवार के समर्थन और फैंस की दुआओं ने हमेशा हौसला दिया। टीम की इस जीत के पल को उन्होंने सभी के साथ साझा किया। सुखजीत सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच हमेशा अलग तरह का दबाव और उत्साह लेकर आता है। उनके लिए इस पूरे टूर्नामेंट का सबसे यादगार पल इसी मुकाबले में गोल करना रहा। पाकिस्तान के खिलाफ गोल करने के बाद उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। यह पल उनके लिए बेहद खास था और मुकाबले में किया गया वह गोल टीम के लिए भी अहम साबित हुआ। फाइनल से पहले टीम का लक्ष्य अपने गेम प्लान के मुताबिक खेलना और शानदार प्रदर्शन करना था। भारतीय टीम ने इसी रणनीति के साथ मलेशिया को 5-1 से हराया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। टीम का एक बड़ा लक्ष्य गोल्ड मेडल जीतने के साथ 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करना था। वहीं हरमनप्रीत सिंह लगातार दूसरी बार भारत को एशियन गेम्स चैंपियन बनाने वाले पहले भारतीय कप्तान भी बन गए हैं।

महिला और पुरुष दोनों टीमों ने जीता गोल्ड

एशियन गेम्स 2026 में भारतीय हॉकी के लिए यह उपलब्धि और भी खास रही। पुरुष टीम से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम ने भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। महिला टीम ने फाइनल में चीन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह पहली बार है जब एक ही संस्करण में भारत की महिला और पुरुष दोनों हॉकी टीमों ने गोल्ड मेडल जीता है। पुरुष टीम का पांचवां गोल्ड मेडल है, जबकि भारतीय महिला टीम ने दूसरी बार स्वर्ण पदक हासिल किया है।

कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने खनौरी मंडी में धान की सरकारी खरीद की शुरुआत करवाई

किसानों की फसल की समय पर खरीद, उठान और भुगतान सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता : गोयल

- किसानों से मंडी में सूखा और साफ धान लाने की अपील

डेली आवाज भारती

खनौरी/संगरूर, मोहिंदर सिंह : पंजाब के कैबिनेट मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज खनौरी मंडी में धान की सरकारी खरीद की शुरुआत करवाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार किसानों की मेहनत से पैदा की गई फसल का एक-एक दाना खरीदने और खरीद प्रक्रिया को सुचारू ढंग से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार के लिए किसानों के हित सबसे महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि किसानों



को मंडियों में अपनी फसल बेचते समय किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। फसल की आमद से लेकर खरीद, उठान और भुगतान तक हर चरण में संबंधित विभागों और खरीद एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखना जरूरी है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि खरीदे गए धान का समय पर उठान होने से मंडी में अन्य फसल लेकर आने वाले किसानों के लिए जगह उपलब्ध रहती है और खरीद का काम बिना किसी रुकावट के जारी रहता है। उन्होंने कहा कि खरीद और उठान से संबंधित किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जाना चाहिए, ताकि किसानों को मंडियों में लंबे समय तक इंतजार न करना पड़े। श्री बरिंदर कुमार गोयल ने मंडी में पीने के साफ पानी, रोशनी, सफाई और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की महत्ता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ-साथ आढ़तियों, मजदूरों और खरीद प्रक्रिया से जुड़े अन्य लोगों की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। किसानों से अपील करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वे मंडियों में सूखा और साफ धान ही लेकर आएं। उन्होंने कहा कि निर्धारित नमी के मानकों के अनुसार फसल लाने से खरीद में देरी से बचा जा सकता है और किसानों का समय भी बचता है। उन्होंने किसानों को धान की कटाई उचित समय पर करने और फसल को अच्छी तरह सुखाकर मंडी में लाने के लिए प्रेरित किया। श्री गोयल ने कहा कि धान का खरीद सीजन किसानों, आढ़तियों, मजदूरों, ट्रांसपोर्टरों और खरीद एजेंसियों के आपसी सहयोग से सफलतापूर्वक पूरा होता है।

शिरोमणि अकाली दल ने रूपनगर से शुरू किया डोर-टू-डोर अभियान

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/गुरप्रीत : शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने आज रूपनगर शहर से डोर-टू-डोर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से आज से पूरे पंजाब में इस अभियान की शुरुआत की गई है। पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल भी आज ही विधानसभा हलका गिद्दड़बाहा से इस अभियान की शुरुआत कर रहे हैं। डॉ. चीमा ने वार्ड नंबर 15 के साहिबजादा जुझार सिंह नगर से इस अभियान की शुरुआत करते हुए कई घरों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शहरवासियों के फॉर्म भरवाए, जिनमें पंजाब के प्रमुख मुद्दों से जुड़े सवाल पूछे गए हैं। इन फॉर्मों में बेरोजगारी, नशा (चिट्टा), फसलों पर एमएसपी, अमन-कानून की स्थिति, मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा की गई कथित



बेअदबी, झूठे पुलिस मुकाबले, गैंगस्टरों का राज, आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा विज्ञापनबाजी और फिजूलखर्ची, महिलाओं से किए गए वादों में धोखा, सरकारी स्कूलों एवं अस्पतालों की बदहाल स्थिति, पंजाब पर बढ़ता कर्ज, कानून-व्यवस्था की नाकामी, महंगाई, ठप पड़े विकास कार्य और बिजली कटौती जैसे प्रमुख मुद्दों को शामिल किया गया है। मतदाताओं से पूछा गया है कि उनके अनुसार पंजाब में सबसे बड़े मुद्दे कौन-कौन से हैं। इसके अलावा एक अन्य पर्चे के माध्यम से बादल सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया गया है। साथ ही मान सरकार की 17 नाकामियों को भी उजागर किया गया है, जिनमें मुख्य रूप से दिल्ली वालों का सरकार पर कब्जा, कर्ज के बोझ तले दबा पंजाब, कथित तौर पर ईमानदार सरकार का बेईमान साबित होना तथा विकास की जगह विनाश जैसे मुद्दों का जिक्र किया गया है। वार्डवासियों की ओर से इस अभियान को भरपूर समर्थन मिला। खास तौर पर महिलाओं और युवाओं ने अभियान में काफी दिलचस्पी दिखाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें नगर कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष परमजीत सिंह मक्कड़, पार्टी के संगठन सचिव गुरमुख सिंह सैनी, अनुसूचित जाति विंग के उपाध्यक्ष आर.पी. सिंह शैला, सुखइंदर पाल सिंह बोबी बोला, काउंसलर सुखविंदर सिंह पटवारी, काउंसलर गुरविंदर सिंह बावा, यूथ विंग के जिला अध्यक्ष रुपिंदर सिंह लखेवाला, शहरी अध्यक्ष तरनजीत सिंह तरनी, महिला अकाली दल की हलका अध्यक्ष बीबा चरणजीत कौर मलिकपुर, शहरी अध्यक्ष बलविंदर कौर शामपुरा, अनुसूचित जाति विंग के अध्यक्ष राजिंदर कुमार, बीसी विंग के अध्यक्ष चौधरी वेद प्रकाश, लीगल विंग के अध्यक्ष एडवोकेट राजीव शर्मा, क्रिश्चियन विंग के अध्यक्ष सुनील पॉल, पूर्व काउंसलर मास्टर अमरीक सिंह, ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहन सिंह मोहम्मदीपुर, स्वर्ण सिंह बोबी बहादुरपुर, अकाली नेता मनिंदर पाल सिंह साहनी, जसबीर सिंह गिल, मनजिंदर सिंह धनौआ, सेवा सिंह प्रधान, मनप्रीत सिंह गिल, मनजीत सिंह तंबर, सुखविंदर सिंह सोबती, अमनदीप सिंह बाजवा, मोनू कुमार, जसबीर सिंह हवेली, पूजा रानी, बलविंदर कौर वार्ड अध्यक्ष, मनदीप सिंह जिमी, जसवंत सिंह दबुर्जी, कुनाल वशिष्ठ, हरबंस सिंह और प्रिंसिपल रणजीत सिंह संधू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पराली को आग लगाने की बजाय इन-सीटू और एक्स-सीटू तकनीकों के जरिए पराली का उचित प्रबंधन करें किसान : डिप्टी कमिश्नर पूनमदीप कौर

- मंडियों में सूखा धान लाने की भी अपील

डेली आवाज भारती

संगरूर/मोहिंदर सिंह : डिप्टी कमिश्नर संगरूर श्रीमती पूनमदीप कौर ने जिले के किसानों से अपील की है कि धान की कटाई के बाद पराली और अन्य फसल अवशेषों को आग लगाने की बजाय इन-सीटू और एक्स-सीटू तकनीकों के माध्यम से इसका उचित प्रबंधन किया जाए। उन्होंने कहा कि वातावरण को साफ-सुथरा रखने, लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करने और मिट्टी की उपजाऊ शक्ति बरकरार रखने के लिए किसानों का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। श्रीमती पूनमदीप कौर ने कहा कि पराली को जलाने की बजाय उपलब्ध कृषि मशीनरी की मदद से इसे खेत में ही संभाला जा सकता है या अन्य उपयोगों के लिए



खेत से बाहर भेजा जा सकता है। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि इन-सीटू विधि के तहत पराली का प्रबंधन खेत के अंदर ही किया जाता है। इसके लिए उपयुक्त मशीनरी का इस्तेमाल करके पराली को मिट्टी में मिलाया जा सकता है या खेत में पराली की मौजूदगी के दौरान ही अगली फसल की बुवाई की जा सकती है। इसी तरह एक्स-सीटू विधि के तहत पराली को एकत्र करके अन्य उपयोगों के लिए खेत से बाहर ले जाया जाता है। उन्होंने कहा कि किसान अपने खेतों की जरूरतों और मशीनरी की उपलब्धता के अनुसार उचित विधि अपनाएं। उन्होंने आगे बताया कि जिले में धान की कटाई करने वाली कंबाइनों के लिए सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एस.एम.एस.) का इस्तेमाल अनिवार्य किया गया है। यह प्रणाली कटाई के दौरान पराली को छोटे टुकड़ों में काटकर खेत में फैलाने में मदद करती है, जिससे इसके आगे के प्रबंधन में सुविधा होती है। उन्होंने कंबाइन मालिकों को निर्देश दिए कि कटाई के दौरान इस प्रणाली का इस्तेमाल सुनिश्चित किया जाए। श्रीमती पूनमदीप कौर ने बताया कि जिला संगरूर में शाम 6 बजे से सुबह 10 बजे तक कंबाइनों से धान की कटाई करने पर भी प्रतिबंध है। उन्होंने कहा कि रात के समय ओस पड़ने के कारण फसल में नमी बढ़ जाती है, जिससे किसानों को मंडी में फसल बेचते समय परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

स्कूलों के आसपास एनर्जी ड्रिंक्स की बिक्री पर सख्ती

ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों से 100 मीटर और शहरी क्षेत्रों में 50 मीटर के दायरे में बिक्री पर रोक

डेली आवाज भारती

तपा, हेमंत मित्तल : पंजाब सरकार के निर्देशों के तहत बच्चों और युवाओं को एनर्जी ड्रिंक्स के बढ़ते सेवन से बचाने के लिए तपा प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। इस संबंध में उप मंडल मजिस्ट्रेट तपा श्री आयुष गोयल (आईएएस) की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्कूलों के आसपास एनर्जी ड्रिंक्स की बिक्री पर रोक लगाना तथा बच्चों एवं युवाओं को इसके दुष्प्रभावों से बचाना रहा। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा केमिस्ट एसोसिएशन और व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने भी विशेष रूप से भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम आयुष गोयल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में तथा शहरी



क्षेत्रों में स्कूलों के 50 मीटर के दायरे में एनर्जी ड्रिंक्स की खरीद-बिक्री पर पूर्ण रोक सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पंजाब सरकार के निर्देशों का सख्ती से पालन करवाने के आदेश दिए। बैठक के दौरान युवाओं को एनर्जी ड्रिंक्स के बढ़ते प्रभाव से बचाने के लिए उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए गए। विचार-विमर्श के बाद संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए गए कि बच्चों एवं युवाओं में एनर्जी ड्रिंक्स के सेवन को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा बच्चों को एनर्जी ड्रिंक्स से होने वाले शारीरिक और मानसिक नुकसान के प्रति जागरूक करने के लिए शिक्षा विभाग को विशेष निर्देश दिए गए। अधिकारियों को कहा गया कि स्कूलों में प्रतिदिन होने वाली प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को इसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी जाए। साथ ही नुक्कड़ नाटकों एवं अन्य जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से भी विशेष अभियान चलाया जाए। प्रशासन ने कहा कि बच्चों और युवाओं को नशे एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक आदतों से दूर रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

हमारे बुजुर्ग-हमारा गौरव अभियान के तहत 9 अक्तूबर को एम.के पैलेस में मनाया जाएगा जिला स्तरीय समारोह : ए.डी.सी

- ए.डी.सी द्वारा जिले के बुजुर्ग नागरिकों से कैंप का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील

डेली आवाज भारती

बुजुर्गों के लिए मुफ्त मेडिकल कैंप सहित विभिन्न सेवाओं के कैंप लगाए जाएंगे

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): उपायुक्त दीपशिखा शर्मा के नेतृत्व में हमारे बुजुर्ग-हमारा गौरव अभियान के तहत 9 अक्तूबर को सुबह 10.30 बजे एम.के पैलेस मोगा रोड फिरोजपुर में जिला स्तरीय समारोह मनाया जाएगा। इस दौरान बुजुर्गों को विभिन्न सेवाएं प्रदान करने के लिए विभागों द्वारा कैंप भी लगाए जाएंगे। यह प्रगटावा अतिरिक्त उपायुक्त डा.अमनदीप कौर ने विभिन्न विभागों



के अधिकारियों, सीनियर सिटीजन फोर्म, पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन और एन.जी.ओ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान किया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि बुजुर्गों की देखभाल, सम्मान और सेवा करना हमारा सभी का मूल कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि इस समारोह के दौरान कैंप लगाकर बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच, ई.एन.टी चेकअप, आंखों का चेकअप, वृद्धावस्था पेंशन के लिए पंजीकरण, सीनियर सिटीजन कार्ड, आधार कार्ड सहित विभिन्न सरकारी सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा बुजुर्गों को दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं आदि की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कैंप की सुचारू व्यवस्था को समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने इसके अलावा जिले के सभी अस्पतालों, सरकारी दफ्तरों और सेवा केंद्रों में भी बुजुर्गों/सीनियर सिटीजन्स के ओ.पी.डी चेकअप और सरकारी कामों को प्राथमिकता के आधार पर करने संबंधी भी निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने जिले के सभी बुजुर्ग नागरिकों से अपील की कि वे 9 अक्तूबर को एम.के पैलेस में लगाए जा रहे इस विशेष कैंप में अधिक से अधिक भाग लेकर सरकारी सेवाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाएं। बैठक में जिला सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुखविंदर कौर, डी.एस.पी बिट्टन कुमार, सचिव रेड क्रॉस सुनील कुमार, उप जिला शिक्षा अधिकारी कोमल अरोड़ा के अलावा स्वास्थ्य विभाग, सेवा केंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

CMYK